दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 280
कोटद्वार शुक्रवार
17 फरवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## पूर्व सीएम हरीश रावत की तबीयत बिगड़ी,मैक्स में भर्ती

**देहरादून** । उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की गुरुवार को अचानक तबीयत खराब हो गई।

उन्हें देहरादून के मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, आज सुबह रामनगर हल्द्वानी जाते हुए लछीवाला टोल प्लाजा के पास अचानक उन्हें अपच और घबराहट की शिकायत हुई। हरीश रावत ने तुरंत चालक को गाड़ी वापस मोड़ते हुए घर चलने के लिए कहा। घर जाने से पहले वे मैक्स अस्पताल में चेकअप के लिए पहुंचे, जहां डक्टरों ने उन्हें कुछ जरूरी टेस्ट करवाने की सलाह दी और भर्ती कर लिया। बताया जा रहा है कि अब उनका स्वास्थ्य सामान्य है।

## सीएम ने किया स्नो स्कीइंग और स्नो शू में उत्तराखण्ड के पदक विजेताओं को सम्मानित

**देहरादून।** गुलमर्ग में आयोजित तीसरे खेलो इंडिया विंटर गेम्स में स्नो स्कीइंग और स्नो शू में उत्तराखण्ड के पदक विजेताओं को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सम्मानित किया। उत्तराखण्ड से शालिनी राणा, ा षभ रावत, मयंक डिमरी एवं जगदीप भट्ट ने पदक जीते।

मुख्यमंत्री ने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर स्कीइंग एवं माउंटनेयरिंग एसोसिएशन उत्तराखण्ड से श्री लक्ष्मण मेहता, श्री अजय भट्ट, इन खिलाड़ियों के कोच श्री विकेश डिमरी एवं श्री डब्बर सिंह उपस्थित थे।

## बाघ के हमले में बाइक सवार घायल

**हल्द्वानी।** तराई पश्चिम वन प्रभाग रामनगर रेंज के ज्वाला वन क्षेत्र में बाघ ने देर रात बाइक सवार युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल युवक को रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ज्वाला वन निवासी असलम गुजर अपने भाई मोहम्मद उमर के साथ बाइक से वन्नाखेड़ा से दवाई लेकर वापस अपने घर आ रहे थे। इसी बीच रास्ते में अचानक एक बाघ ने उन पर हमला बोल दिया। असलम बाइक के पीटे बैठे था और बाघ ने उनकी टांग को लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद दोनों भाइयों ने शोर मचाकर किसी तरह खुद बाघ के चंगुल से खुद को बचाया। घायल असलम ने बताया कि बाघ ने कुछ दूरी तक उनका पीछा भी किया। असलम को रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे और मामले में पूछताछ की। रेंजर देवेंद्र सिंह रजवार ने बताया कि घटना स्थल पर गश्त बड़ा दी गई है। उन्होंने बताया कि असलम का उपचार चल रहा है।

## सोमवती अमावस्या का स्नान 20 को होगा

**हरिद्वार।** महाशिवरात्रि और 20 फरवरी को होने वाले सोमवती अमावस्या स्नान को लेकर जीआरपी पुलिस को अधिकारियों ने ब्रीफ किया। अपर पुलिस अधीक्षक अरुणा भारती ने कहा कि पुलिसकर्मी अनुशासित होकर अपनी ड्यूटी करेंगे। ड्यूटियां दो पालियों में लगाई गई हैं, कोई भी पुलिस कर्मी अपना ड्यूटी स्थान तभी छोडे जब तक इस स्थान पर दूसरा पुलिस कर्मी न आ जाए।

उन्होंने कहा कि महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त कर्मचारी आने-जाने वाली ट्रेनों का चार्ट अपने पास रखेंगे। स्टेशन परिसर में ड्यूटी पर लगे पुलिस बल पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने का कार्य भी करेंगे।

### जोशीमठ में दरारों के बाद चमोली में एक और आई बुरी खबर

# औली नेशनल स्कीइंग चैंपियनशिप कैंसिल

**चमोली।** स्कीइंग एंड स्नोबोर्ड एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने नेशनल सीनियर एंड जूनियर एल्पाइन एंड स्नोबोर्ड चौंपियनशिप 2023 को कैंसिल करने का विधिवत ऐलान कर दिया है। गुरुवार को एसोसिएशन के सचिव ने आयोजन रद करने की घोषणा सार्वजनिक की। सरकार को भी इसकी विधिवत सूचना दी। औली में 23 से 26 फरवरी तक चौंपियनशिप का आयोजन होना था। पहले ये आयोजन फरवरी पहले सप्ताह में होना था। जिसे बर्फवारी न होने के कारण स्थगित किया गया। दोबारा नई तारीख 23 से 26 फरवरी तय की गई। संभावना यही थी कि इस बीच औली में बर्फवारी हो जाएगी। इस बीच बर्फवारी तो नहीं हुई, उल्टा औली की ढलानों पर जो बर्फ पिछली बर्फवारी की बची थी, वो भी पिघल गई। ऐसे में बिना बर्फ के औली में चौंपियनशिप के आयोजन की उम्मीदें टूट गई।



गुरुवार को एसोसिएशन के सचिव प्रवीन शर्मा ने चौंपियनशिप रद करने का औपचारिक ऐलान किया। उन्होंने चौंपियनशिप में भाग लेने वाली सभी टीमों को आयोजन रद होने की सूचना भेजी।

इसके साथ ही पर्यटन विभाग, स्की एंड स्नोबोर्ड इंडिया के महासचिव, एमडी जीएमवीएन, डीएम चमोली को भी जानकारी दी। प्रवीन शर्मा ने बताया कि बर्फवारी होने का इंतजार किया जा रहा था। बर्फवारी न होने के कारण आयोजन को रद करने का फैसला लिया गया।

बर्फवारी से पहले भी आयोजन हुए रदरू औली में बर्फवारी न होने के कारण आयोजन रद होने का ये कोई पहला मौका नहीं है। इससे पहले भी कई बार बर्फवारी न होने से आयोजन रद करने पड़े।

औली में बर्फवारी की इसी अनिश्चितता को देखते हुए लंबे समय से औली से गोरसों तक रोपवे बनाने की मांग चल रही है। ताकि इस तरह की स्थिति में आयोजन को रद न करना पड़े।

### बर्फबारी कम होने के कारण रद्द करने पड़ रहे हैं औली गेम : महाराज



**कोटद्वार :** विश्व प्रसिद्ध स्कीइंग स्थल औली में होने वाले नेशनल स्किन चैंपियनशिप-2023 को बर्फ की खराब स्थिति के कारण रद्द कर दिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि विश्व स्तर पर इस बार शीतकाल में बर्फबारी कम होने के कारण जनपद चमोली स्थित विश्व प्रसिद्ध हिमक्रीड़ा स्थल औली में भी बर्फबारी कम हुई है इसलिए 23 से 26 फरवरी तक होने वाले नेशनल स्कीइंग चैंपियनशिप-2023 को रद्द कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में स्की एंड स्नो बोर्ड उत्तराखण्ड ने स्की और स्नो बोर्ड इंडिया की सभी संबद्ध इकाईयों को भी नेशनल स्कीइंग चैंपियनशिप-2023 के रद्द होने की सूचना दे दी है। पर्यटन मंत्री श्री महाराज ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध हिमक्रीड़ा स्थल औली में होने वाली नेशनल स्कीइंग चैंपियनशिप-2023 के लिए सरकार की पूरी तैयारियां थी लेकिन मौसम के साथ न देने के कारण बर्फबारी की खराब स्थिति को देखते हुए नेशनल स्कीइंग चैंपियनशिप को रद्द

# दुष्कर्म के दोषी को दस साल की सजा

### मामला 2020 में नाबालिग को भगाने का

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** नाबालिग को बहलाफुलाकर भगा ले जाने और उससे दुष्कर्म करने के आरोपी को न्यायालय ने 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने नाबालिग को प्रतिकर देने के भी आदेश दिए हैं। विशेष सत्र न्यायाधीश (पोक्सो) आशीष नैथानी की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई है। मामला साल 2020 में कोटद्वार थाना क्षेत्र का है।

एडीजीसी (पोक्सो) विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि थाना कोटद्वार में नाबालिग के पिता ने 2 जुलाई 2020 को पुत्री की गुमशुदगी दर्ज कराई। जिसमें उन्होंने कहा कि नाबालिग बिना बताए घर से कहीं चली गई है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया। साथ ही नाबालिग की तलाश के लिए एक पुलिस टीम भी बनाई। पुलिस ने मामले की जांच में बताया कि आरोपी नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा कर ले गया। पुलिस को सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन दिल्ली में मिली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को 18 जुलाई 2020 को ही दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नाबालिग को बरामद किया। पुलिस ने नाबालिग के बयान दर्ज किए। जिसमें नाबालिग ने बताया कि आरोपी उसे बहला फुसलाकर दिल्ली भगा कर ले गया। साथ ही आरोपी ने नाबालिग के साथ विवाह कर लिया और दिल्ली में किराया का कमरा लेकर उसे पत्नी के तौर पर रखने लगा। इस बीच आरोपी ने उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाए। कोर्ट ने दोनों पक्षों के सुनने के बाद आरोपी पर नाबालिग के साथ दुराचार करने सहित अन्य धाराओं में 10 साल के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही नाबालिग को प्रतिकर दिए जाने के आदेश भी दिए। बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह प्रस्तुत किए गए।

## गोरखपुर में सांसद खेल महाकुंभ का हुआ समापन, पीएम मोदी ने बढ़ाया खिलाड़ियों का हौसला

**गोरखपुर, एजेंसी।** पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं गोरखनाथ की धरती को नमन करता हूं। सांसद खेल महाकुंभ में सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी ने बहुत मेहनत की है। इस प्रतियोगिता में कुछ खिलाड़ियों को जीत मिली होगी, कुछ को हार का सामना करना पड़ा होगा। खेल का मैदान हो या जीवन का, यहां हार जीत लगी रहती है ।सांसद खेल महाकुंभ के समापन समारोह में खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मार्गदर्शन मिला। क्षेत्रीय क्रीड़ांगन में होने वाले समापन समारोह में प्रधानमंत्री वर्चुअल जुड़ें ।पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं गोरखनाथ की धरती को नमन करता हूं। सांसद खेल महाकुंभ में सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी ने बहुत मेहनत की है। इस प्रतियोगिता में कुछ खिलाड़ियों को जीत मिली होगी, कुछ को हार का सामना करना पड़ा होगा। खेल का मैदान हो या जीवन का, यहां हार जीत लगी रहती है। जिले में सांसद खेल महाकुंभ का शुभारंभ 27 जनवरी को क्षेत्रीय क्रीड़ांगन में हुआ था।

# राजस्थान से अगवा कर दो युवकों को जिंदा जलाया

### बजरंग दल व सीआईए पर अपहरण के बाद हत्या का आरोप

**भिवानी (हरियाणा), एजेंसी।** राजस्थान की सीमा से सटे लोहारू कस्बे के गांव बारवास की बणी में गुरुवार सुबह लावारिस हालात में बोलेरो में जिंदा जलाए गए दो युवकों के कंकाल मिले हैं। ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह बणी के अंदर जली हुई बोलेरो के बारे में सूचना डायल 112 पर दी। इसके बाद लोहारू के डीएसपी और पुलिस मौके पर पहुंची। बोलेरो की पिछली सीट पर दो लोगों के जली हुई हालत में सिर्फ कंकाल बचे थे। गाड़ी पर नंबर प्लेट तक जल चुकी थी।

पुलिस ने चेसिस नंबर से गाड़ी का पता लगाया। इसके बाद मृतकों की पहचान राजस्थान के जिला भरतपुर के गोपालगढ़ पुलिस थानाक्षेत्र के गांव घाटमिका निवासी जुनैद और नासिर के रूप में हुई। मृतक के परिजनों ने फिरोजपुर झिरका सीआईए और बजरंग दल सदस्यों पर दोनों को अपहरण कर मारपीट के बाद जिंदा जलाकर उनकी हत्या का आरोप लगाया है। इस मामले गो-तस्करी से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

राजस्थान के भरतपुर जिले के गोपालगढ़ पुलिस थाने में मृतक के चचेरे भाई इस्माइल ने नासिर और जुनैद के अपहरण के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक के भाई का आरोप है कि उसके दो चचेरे भाई नासिर और जुनैद दोनों अपनी बोलेरो से भोरू वास सीकरी ससुराल गए थे। मंगलवार की रात को वहीं रुक गए थे। बुधवार की सुबह छह बजे वह बोलेरो से लौट रहे थे। आरोप है कि करीब आठ-दस लोगों ने उनकी बोलेरो को रोक लिया और उनके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने दोनों का बोलेरो सहित अपहरण कर ले गए।



वहीं, मृतक के चचेरे भाई इस्माइल का आरोप है कि फिरोजपुर झिरका सीआईए और बजरंग दल के मोनू मानेसर व रिंकू सैनी, फिरोजपुर झिरका ने अपने साथियों के साथ उनके दोनों भाइयों की गाड़ी का पीछा किया। सीआईए की गाड़ी ने आगे से टक्कर मारी और बजरंग दल सदस्यों ने उनकी गाड़ी को पीटे से टक्कर मारकर रोक लिया। फिर मारपीट कर दोनों को अधमरा कर दिया। उन्हें थाने ले जाया गया।

आरोप है कि थाने की पुलिस ने वापस ले जाने को कह दिया। इसके बाद दोनों को बोलेरो में ही भिवानी जिले के लोहारू के गांव बारवास की बणी में ले जाकर जिंदा जलाकर मार डाला। परिजनों ने दोनों युवकों के अपहरण, मारपीट के बाद उनकी हत्या के बाद शव खुर्द-बुर्द किए जाने के आरोप भी सीआईए फिरोजपुर झिरका व बजरंगदल सदस्यों पर लगाए हैं। फिलहाल भिवानी पुलिस दोनों जले हुए कंकालों को कब्जे में लेकर जांच में जुटी है।

पुलिस ने जली हुई बोलेरो के चेसिस नंबर से दोनों मृतकों के बारे में पता लगाया। इसके बाद भरतपुर गोपालगढ़ पुलिस थाना के एसएचओ रामनरेश लोहारू पुलिस थाना पहुंचे। एसएचओ ने दोनों मृतकों की पहचान गांव घाटमिका निवासी नासिर और जुनैद के रूप में कर दी। इसके बाद मृतक के परिजनों को भी बुलाया गया।

बोलेरो के अंदर दो लोगों के जली हुई हालत में कंकाल मिले हैं। इन दोनों के अपहरण और मारपीट का केस भरतपुर जिले के गोपालगढ़ पुलिस थाने में दर्ज है। मृतकों की शिनाख्त डीएनए के जरिये ही कराई जाएगी। भिवानी पुलिस इस संबंध में परिजनों के बयान दर्ज कर हत्या का केस दर्ज कर कार्रवाई करेगी। - अजीत सिंह शेखावत, पुलिस अधीक्षक भिवानी।

जानकारी के अनुसार, रेलवे पुलिस व अधिकारी हार्डवेयर दुकान के बाहर खड़े होकर विरोध कर रहे लोगों से बातचीत कर ही रहे थे कि अचानक दुकान में आग लग गई।

दुकान में खड़े दुकानदार के शरीर में आग लगी थी। पास खड़े लोगों तथा पुलिस कर्मियों ने आग से जल रहे दुकानदार को बचाने के लिए प्रयास किया। घटना स्थल पर मौजूद पुलिस प्रशासन का कहना था कि दुकानदार अनिल कुमार गुप्ता ने आत्मदाह का प्रयास किया। उसे बचाने में दुकानदार के बड़े भाई अजीत कुमार गुप्ता, आदित्य कुमार गुप्ता और पास में कचरी दुकान लगाने वाले कन्हाई जख्मी हो गए। सभी को इलाज के लिए लोग निजी अस्पताल ले गए। वहीं, नीम की भट्ठी क्षेत्र निवासी जख्मी अनिल कुमार की पत्नी सोनी कुमारी, भाभी रानी कुमारी व अन्य का आरोप था कि आग दुकानदार ने खुद से नहीं, बल्कि अतिक्रमण हटाने आए लोगों ने लगाई है।

भीड़ में कुछ लोग कहते सुने गए कि दुकानदार ने अपनी ही दुकान का थिनर सिर व शरीर पर डालकर आग लगा ली। स्वजन इस बात को गलत बता रहे हैं।

## जगद्गुरु पंचानंद गिरि महाराज का निधन



**पटियाला (पंजाब)** । श्री हिंदू तख्त एवं हिंदू सुरक्षा समिति के प्रमुख एवं श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के जगद्गुरु पंचानंद गिरि जी महाराज का गुरुवार सुबह मोहाली के मैक्स अस्पताल में निधन हो गया। वे तीन दिनों से वहां दाखिल थे। उनके निधन से पूरे हिंदू समाज में दुख का माहौल है ।जगद्गुरु पंचानंद गिरि जी महाराज की पार्थिव देह को मैक्स अस्पताल मोहाली से श्रद्धालुओं के अंतिम दर्शनों के लिए चंडीगढ़ बुड़ैल सैक्टर 45 स्थित ज्वाला जी मंदिर ले जाया गया। जिसके बाद ढकोली जीरकपुर डेरे पर पार्थिव देह को ले जाया गया, जहां पर बड़ी गिनती में भक्तों ने उनके अंतिम दर्शन किए। पटियाला के विभिन्न बाजारों में भी महाराज जी की पार्थिव देह के पटियाला निवासियों ने अंतिम दर्शन किए तथा उन पर फूलों की वर्षा करके अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जगद्गुरु पंचानंद गिरि जी महाराज की पार्थिव देह को फिलहाल पटियाला के श्री काली माता मंदिर के श्री शिव शक्ति सेवा दल लंगर चौरिटेबल ट्रस्ट के लंगर भवन में भक्तों के अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया है।

# प्रदेश में सभी भर्तियां होंगी पारदर्शी :सीएम

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नकल अध्यादेश के जरिए सरकार ने सुनिश्चित कर दिया है कि प्रदेश में सभी भर्तियां पारदर्शी होंगी। मेधावी छात्रों के भविष्य के कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। सीबीआई जांच की मांग वो लोग कर रहे हैं जो नहीं चाहते कि प्रदेश में अगले कुछ साल तक भर्तियां निर्बाध रूप से होती रहें। यह केवल सरकार की छवि को खराब करना चाहते हैं। गुरूवार को भाजयुमो के पदाधिकारियों ने सचिवालय में सीएम धामी से मुलाकात कर नकल विरोधी कानून लागू करने के लिए आभार व्यक्त किया। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाने के लिए धामी सरकार ने देश से कठोर नकल विरोधी अध्यादेश जारी किया गया है। नकल विरोधी कानून के ऐतिहासिक निर्णय के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए भाजयुमो द्वारा प्रदेशभर में जागरूकता रैली का आयोजन किया जायेगा।

सीएम ने कहा कि देश के बेटे एवं बेटियों के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने दिया जायेगा। नकल विरोधी कानून इसीलिए लागू किया गया है, हर मेधावी योग्य बच्चे को मौका मिले। सीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग भर्ती परीक्षाओं की जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर युवाओं को बरगला रहे हैं। ये लोग चाहते हैं, कि आने वाले कुछ सालों में राज्य में भर्ती परीक्षाएं न हों। और सरकार की छवि की खराब हो। सरकार राज्य में भर्ती प्रक्रियाओं में तेजी लाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। हमारे युवा बेटों और बेटियों की सरकार से बहुत उम्मीदें हैं। राज्य में नकल विरोधी कानून लागू होने से प्रदेश के युवाओं में ऊर्जा का संचार हुआ है।

> कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। वो मुद्दाविहीन हो चुकी है। भर्तियों में पारदर्शिता के लिए सरकार कई कड़े फैसले ले चुकी है। इसके बावजूद आंदोलन करना केवल युवाओं को बरगलाने का काम करना है। प्रदेश के सभी युवा आश्वस्त रहे, जो भी भर्तियां होंगी वो पारदर्शी होंगी। प्रदेश के किसी भी बेटे-बेटी के हित से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।
>
> **पुष्कर सिंह धामी, सीएम।**

## पर्वतीय इलाकों में तापमान बढ़ोतरी को लेकर अलर्ट

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में तापमान बढ़ोतरी को लेकर अलर्ट बरकरार है। 17 से 19 फरवरी तक अरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की ओर से जारी पुर्वानुमान के अनुसार, 16 फरवरी को राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से 8 से 10 डिग्री सेल्सियस अधिक रह सकता है। जबकि 17 से 19 फरवरी के बीच तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। अधिकतम तापमान सामान्य से 10 से 12 डिग्री सेल्सियस अधिक रह सकता है। खासकर उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले सबसे ज्यादा प्रभावित रहेंगे। इस दौरान बर्फ पिघलने से हिमस्खन की आशंका जताई गई है। इस कारण नदियों का जल स्तर बढ़ सकता है। मिट्टी में नमी की कमी आ जाएगी।

# भारी बर्फबारी से आस्था पथ पर जमी दो फीट बर्फ, पसरे भारी भरकम हिमखंड

**जोशीमठ(चमोली)।** उत्तराखंड में बीते दिनों हुई बर्फबारी के बाद से ही हेमकुंड साहिब में भी भारी बर्फ जमा है। हेमकुंड साहिब का प्रमुख पड़ाव घांघरिया भी इन दिनों बर्फ से पूरी तरह ढका हुआ है। घांघरिया में भी आस्था पथ पर करीब दो फीट तक बर्फ जमी है।



बर्फबारी के बाद बुधवार को हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा प्रबंधन की टीम यात्रा मार्ग के निरीक्षण के लिए घांघरिया पहुंची थी। लेकिन रास्ते में भारी बर्फ होने के चलते टीम को घांघारिया तक पहुंचने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

रामढुंगी के पास रास्ते में भारी हिमखंड आया हुआ है। इसे पार करने में टीम को काफी मुश्किल हुई। काफी मशक्कत के बाद भी टीम हिमखंड पार नहीं कर पाई। इसके चलते टीम को वापस लौटना पड़ा। यहां सार्वजनिक शौचालय, गुरुद्वारा परिसर और होटलों की छतों और परिसर में भी बर्फ जमी है। हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष यात्रा शुरू होने से पहले सेवादार यात्रा मार्ग के निरीक्षण के लिए जाते हैं। लेकिन इस बार भारी बर्फ के चलते टीम घांघरिया से आगे नहीं बढ़ पा रही है। आस्था पथ पर बर्फ और रामढुंगी के पास हिमखंड होने से उसे पार नहीं किया जा सकता। बता दें कि प्रदेश में अब मैदान से लेकर पहाड़ तक पारा चढ़ने लगा है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में 17 से 19 फरवरी के बीच तापमान में 10 से 12 डिग्री की बढ़ोतरी की संभावना है। पर्वतीय इलाकों में खासकर दो हजार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के चलते न सिर्फ ग्लेशियर तेजी से पिघलेंगे, बल्कि ग्लेशियरों के टूटने और हिमस्खलन की भी पूरी संभावना है।

# पिरूल से निर्मित उत्पादों और उनके उपयोगों के लिए सुझाव मांगे



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरुवार को सचिवालय में पिरूल से आजीविका सृजन, वैकल्पिक ईंधन आदि के क्षेत्र में कार्य करने के इच्छुक विभिन्न उद्यमियों के साथ विचार विमर्श किया। मुख्य सचिव ने पिरूल से निर्मित अन्य उत्पादों और उपयोगों के लिए सुझाव भी मांगे।

मुख्य सचिव ने वन विभाग को पिरूल कलेक्शन कर रहे स्वयं सहायता समूहों को नियमित भुगतान के लिए व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हुए एक कॉर्पस फंड बनाए जाने के निर्देश दिए, ताकि स्वयं सहायता समूहों के भुगतान में देरी न हो।

उन्होंने कहा कि उद्यमियों को शुरूआती सहायता प्रदान किए जाने हेतु पहले 5 सालों में उद्यमियों द्वारा दिए जाने वाले जीएसटी का 70 प्रतिशत सब्सिडी दिए जाने के भी निर्देश दिए। साथ ही कहा कि इस दिशा में विभिन्न पर्वतीय प्रदेशों में प्रयोग हो रही बेस्ट प्रेक्टिसेज को भी प्रदेश में अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि वनों से जितना अधिक से अधिक पिरूल का निस्तारण हो सकेगा, वनों को आग से बचाने में कारगर साबित होगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि पिरूल के ट्रांसपोर्टेशन में कोई समस्या न हो इसके लिए ई–रवन्ना जारी करते हुए इसकी ट्रांजिट फीस को न्यूनतम किया जाए।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कार्य कर रहे स्वयं सहायता समूहों एवं लोगों की क्षमता निर्माण हेतु प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाने हेतु वन एवं उद्योग विभाग को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि ईंधन के रूप में प्रयोग होने वाले ब्रिकेट्स/पैलेट्स की मार्केटिंग आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ब्रिकेट्स बनाने हेतु आवश्यक ब्बाइंडिंग डस्टह्न के अन्य विकल्प तलाशे जाने हेतु वन विभाग को निर्देशित किया।

मुख्य सचिव ने कहा कि वनों से पिरूल का अधिक से अधिक निस्तारण हो सके इसके लिए इसके विभिन्न उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सीजन में पिरूल का अधिक से अधिक कलेक्शन हो सके इसके लिए पिरूल कलेक्शन में लगे स्वयं सहायता समूहों को ब्लोवर मशीनें भी उपलब्ध करायी जा सकती हैं। उन्होंने वन विभाग और एमएसएमई को इस दिशा में कार्य कर रहे उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराए जाने की बात कही।

इस अवसर पर पिरूल से विभिन्न उत्पादों को तैयार करने की दिशा में कार्य कर रहे विभिन्न उद्यमियों ने मुख्य सचिव के समक्ष अपने अपने सुझाव दिए और अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

# मिनिस्ट्रीयल कर्मियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया



नई टिहरी। जनपदीय उत्तराखंड कलक्ट्रेट मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ ने विभिन्न लंबित मांगों को लेकर कलक्ट्रेट में काली फीती बांधकर कर विरोध–प्रदर्शन किया। मांगों पर गौर न किये जाने पर आगामी 20 फरवरी से कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया जा सकता है। कलक्ट्रेट मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने कलक्ट्रेट ढांचे का पुनर्गठन, कलक्ट्रेट मिनिस्ट्रीयल संवर्ग से नायब तहसीलदार के 10 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति, कलक्ट्रेट को मिनी सचिवालय अथवा विशेष विभाग का दर्जा प्रदान करना, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी को तहसीलदार का लिंक अधिकारी घोषित करना, वरिष्ठ व मुख्य प्रशासनिक के रिक्त पदों पर तत्काल पदोन्नति आदेश निर्गत करने आदि मांगों को लेकर कलक्ट्रेट परिसर में काली फीती बांध कर विरोध–प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। मांगों पर गौर न किये जाने पर आंदोलन की रणनीती के तहत प्रदेश संगठन के निर्देश पर निर्णय लिया जायेगा। इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रेश्वर नारायण थपलियाल, महामंत्री अनिल कुमार कौशल, सुखवीर रावत, यौवनकांत धीमान, गिरवीर सिंह नेगी, मुकेश भट्ट, बलवंत सिंह, खुशीराम, आकांक्षा, राजेंद्र सिंह, सुनील रावत, जावेद अली, विकास विष्ट, अभिषेक, धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व पर कोटेश्वर के लिए होगा वन वे ट्रेफिग संचालन

रुद्रप्रयाग। 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस ने जनपद के प्रसिद्ध शिव मंदिरों का भ्रमण किया। यहां भक्तों को सुरक्षा व्यवस्था एवं संभावित यातायात प्लान को देखते हुए विशेष इंतजाम किए। साथ ही मंदिरों से भी बेहतर व्यवस्थाएं बनाने में सहयोग की अपील की। पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल ने पुलिस टीम के साथ गुरुवार को सिद्धपीठ कोटेश्वर सहित अनेक मंदिरों का भ्रमण किया। इस दौरान महाशिवरात्रि पर्व अनेक शिवालयों में आने वाले शिवभक्तों की अनुमानित संख्या को लेकर भी चर्चा की। सिद्धपीठ कोटेश्वर महादेव में बड़ी संख्या में भक्तों के आने को लेकर भी बेहतर व्यवस्था का भरोसा दिया। कहा कि यहां पुलिस के स्तर से सुरक्षा व यातायात के आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। पुलिस उपाधीक्षक ने कोटेश्वर पहुंचकर यहां किए जाने वाले पुलिस प्रबंधन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व की तिथि को कोटेश्वर जाने के लिए यातायात का वन वे प्लान रहेगा। कोटेश्वर जाने वाले वाहन कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले मार्ग का प्रयोग करते हुए विकास भवन वाले मार्ग से होकर जाएंगे। साथ ही कोटेश्वर (बेला–खुरड़) के पूर्व निर्धारित मार्ग से वाहनों को बाहर भेजा जाएगा। इस प्रकार की व्यवस्था बनाने से अनावश्यक लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। जबकि भक्तों की सुरक्षा व मंदिर दर्शन में सहयोग के लिए आवश्यक पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। बताया कि आपात स्थिति के लिए जल पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन आदि पुलिस बल तैनात रहेगा। निरीक्षण के दौरान कोटेश्वर के महंत शिवानंद महाराज, निरीक्षक यातायात श्याम लाल, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रुद्रप्रयाग केशवानन्द पुरोहित, फायर सर्विस चालक गणनाथ सिंह बिष्ट आदि मौजूद थे।

## राशन वितरित किया

हरिद्वार। रुद्रांश जन सेवा ट्रस्ट की ओर से कुष्ठ आश्रम लालजीवाला में शिवरात्रि पर होने वाले भंडारे को लेकर राशन में सहयोग किया गया। सदस्यों ने गुरुवार को पहुंचकर राशन वितरित किया। इस मौके पर अध्यक्ष रजनी वालिया, अर्चना सक्सेना, यशविका, वंशदीप आदि मौजूद रहे।

## जालसाजी कर चायपत्ती बेचने पर मुकदमा

ऋषिकेश। नामी कंपनी टाटा–टी के नाम का लेवल यूज कर नकली चायपत्ती बेचने वाले तीन व्यापारियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों की दुकानों से पुलिस ने करीब 43 किलो चायपत्ती भी बरामद की है। न्यायालय में पेश होने के लिए आरोपियों को पुलिस ने 41 सीआरपीसी का नोटिस दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक टाटा–टी कंपनी के कानूनी सलाहकार सुमित कुमार ने शहर में कंपनी के नाम से नकली चायपत्ती बेचने की शिकायत दी। उन्होंने तीन आरोपियों पर शक जताया, तो पुलिस टीम ने कंपनी के अधिकारियों के साथ परशुराम चौक के पास संचालित संबंधित व्यापारियों की दुकान पर छापा मारा। इस दौरान कंपनी के ब्रांड नेम की पेकिंग में 39 किलो चायपत्ती मिली।

# मेयर मंमगाई ने किया सीएम धामी का स्वागत



ऋषिकेश। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ऋषिकेश आगमन पर मेयर अनिता ममगाई ने उनका स्वागत किया। साथ ही प्रदेश में सख्त नकल विरोधी कानून बनाने के लिए सीएम का आभार जताया। गुरुवार को जोशीमठ रवाना होने से पहले ऋषिकेश पहुंचे मुख्यमंत्री का पूर्णानंद इंटर कॉलेज के हैलीपैड पर मेयर अनिता ममगाईं ने स्वागत किया। मेयर ने बताया कि युवाओं की भावनाओं को समझते हुए जिस प्रकार से उत्तराखंड सरकार द्वारा इतने कम समय पर यह नकल विरोधी कानून राज्य में लागू किया गया है, इससे राज्य के नौजवानों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कड़े नकल विरोधी कानून से राज्य के युवा पूरी तरह से संतुष्ट एवं आश्वस्त हैं तथा आगामी परीक्षाओं हेतु उत्साहित हैं। इस कानून के आने के बाद नकल माफिया प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ बिल्कुल भी खिलवाड़ नहीं कर सकेंगे। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री दीपक धमीजा, टिहरी जिला जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष इंद्रा आर्या, कपिल गुप्ता, पार्षद विजय बडोनी, विपिन पंत, अनिता रैना, मनीष बनवाल, मंडलाध्यक्ष राकेश भट्ट, मंडल महामंत्री गौरव कैंथोला, संजय व्यास, राजेश कोठियाल, जयंत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों का कलेक्ट्रेट भवन में प्रदर्शन

हरिद्वार। उत्तराखंड कलक्ट्रेट मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ के नेतृत्व में गुरुवार को विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने कलक्ट्रेट भवन सहित नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय और तहसीलों में विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर विरोध भी व्यक्त किया। संघ के जिला अध्यक्ष नवीन मोहन शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने गुरुवार को अपनी मांगों को लेकर कई सरकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। उन्होंने बताया कि कर्मचारी संघ कलक्ट्रेट ढांचे के पुनर्गठन, नायब तहसीलदार के पदों पर 10% पदोन्नति का कोटा निर्धारित करने, कलक्ट्रेट को विशेष विभाग का दर्जा दिए जाने, मुख्य एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के रिक्त पदों पर पदोन्नति एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों को तहसीलदार का लिंक अधिकारी घोषित किए जाने आदि मांगों को लेकर संघर्षरत है। मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहा है, बावजूद सरकार और शासन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है। चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशन में कर्मचारी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### सीएम की घोषणाओं पर काम की रिपोर्ट मांगी

हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय ने सीएम की घोषणाओं की विभागवार जानकारी मांगी है। किस घोषणा में कितना काम हुआ है और कितना बाकी है, इन सभी कार्यों की रिपोर्ट दो दिन में मांगी है। यह निर्देश उन्होंने गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में दिए हैं। जिलाधिकारी को बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पीएल शाह ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। विनय शंकर पांडेय ने अधिकारियों से मुख्यमंत्री द्वारा की गयी घोषणाओं के बारे में एक–एक करके विभागवार जानकारी ली।

# राष्ट्र हित में भाजपा सरकार कर रही काम: पुंडीर



विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी सुद्धोवाला मंडल की कार्य समिति की बैठक गुरुवार को झाझरा के एक होटल में संपन्न हुई। कार्य समिति में पार्टी संगठन को मजबूत करने और निकाय, लोक सभा चुनावों की तैयारियों पर मंथन किया गया। सहसपुर विधायक सहदेव पुंडीर ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन करने के हर जगह समान विचारधारा के लोगों की सक्रियता जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्र हित में कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री की मेहनत और गरिमा बनाए रखने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को खुद को जमीनी तौर पर सक्रिय रखना होगा। कहा कि सरकार से लेकर पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की पहली प्राथमिकता जनता की सेवा है। विधायक ने कहा कि पार्टी संगठन के मजबूत रहने से ही कार्यकर्ता भी सक्रिय रहेंगे। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें पूरे विश्व की समस्या का समाधान निहित है। भाजपा जिलाध्यक्ष मीता सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की लोकप्रियता से विपक्षी दलों में घबराहट का माहौल बना हुआ है। विपक्ष भाजपा के खिलाफ भानुमति का कुनबा जोड़ने का प्रयास कर रहा है, लेकिन भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का उनके पास कोई विकल्प नहीं है।

## मांगों को लेकर एसएनए से मिले लघु व्यापारी

हरिद्वार। अपनी मांगों को लेकर लघु व्यापारियों ने लघु व्यापार एसो के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में सहायक नगर आयुक्त फेरी समिति प्रभारी अधिकारी श्याम सुंदर प्रसाद से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पुल जटवाड़ा पर नगर निगम प्रशासन द्वारा विकसित किए गए वेंडिंग जोन के सभी लाभार्थी स्थानीय लघु व्यापारियों की लॉटरी प्रक्रिया के साथ भगत सिंह चौक, सेक्टर टू बैरियर के वेंडिंग जोन की लाभार्थी सूची प्रकाशित किए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा फेरी समिति के निर्णय के अनुसार 23 फरवरी को पुल जटवाड़ा के वेंडिंग जोन के सभी लाभार्थियों की सूची के अनुसार लकी ड्रा निकाले जाएंगे।

# धर्मावाला संकुल में सपनों की उड़ान प्रतियोगिता आयोजित

विकासनगर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत गुरुवार को धर्मावाला संकुल में सपनों की उड़ान प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। प्राथमिक विद्यालय शाहपुर–कल्याणपुर में आयोजित प्रतियोगिता के तहत नौनिहालों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बल मन में उमड़ रहे विचारों और सपनों को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन संकुल प्रभारी नरेश चौधरी और वरिष्ठ प्रधानाध्यापक अनंत सोलंकी ने किया।

उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से नौनिहालों में कल्पनाशीलता और सृजनशीलता बढ़ती है। प्रतियोगिता के तहत प्राथमिक वर्ग कविता पाठ में इच्छा राठी प्रावि शाहपुर–कल्याणपुर प्रथम, राशि पाल प्रावि कुंजा द्वितीय, फैंसी ड्रेस में अंश प्रावि शाहपुर–कल्याणपुर प्रथम, सपनों के चित्र में साफिया प्रावि प्रतीतपुर ने पहला स्थान हासिल किया। नुक्कड़ नाटक और समूह गान में प्रावि शाहपुर कल्याणपुर, जबकि शैक्षिक स्टॉल में प्रावि जुडली ने बाजी मारी। उच्च प्राथमिक वर्ग कविता पाठ में जूनियर हाईस्कूल धर्मावाला की मंतशा प्राथम, अंजली जूहा स्कूल बद्रीपुर द्वितीय, सपनों के चित्र में छुमा जूहा स्कूल मटक माजरी प्रथम स्थान हासिल किया। नुक्कड़ नाटक में जूनियर हाई स्कूल धर्मावाला और समूह गान में जूहा स्कूल मटक माजरी अव्वल रहे। जबकि शैक्षिक स्टॉल में जूहा स्कूल तिमली ने बाजी मारी।

# भैरव सेना ने किया प्रदर्शन



रुद्रप्रयाग। बीते दिनों केदारनाथ यात्रा मार्ग गुप्तकाशी में प्रतिबंधित मांस मिलने के विरोध में गुरुवार को भैरव सेना (देवभूमि भैरव वाहिनी) ने गुप्तकाशी बाजार में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने ऐसी अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ पुतला दहन भी किया। प्रदर्शनकारियों ने देवभूमि उत्तराखंड के तीर्थ क्षेत्रों में अवैध धार्मिक तथा व्यापारिक घुसपैठ पर अंकुश लगाने को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन दिया। गुप्तकाशी में प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कहा कि देवभूमि में ऐसे कृत्य किसी भी दशा में बर्दास्त नहीं किए जाएंगे। मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते हुए उन्होंने कहा कि देवभूमि एवं धर्म की नगरी में वर्तमान समय में व्यापारिक तथा धार्मिक घुसपैठ चरम सीमा पर है। बीते दिनों गुप्तकाशी में बिना स्लॉटर हाउस के मांस विक्रेता की दुकान पर 80 किलो अवैध मांस पाया गया। जबकि दो वर्ष पूर्व बदरीनाथ धाम में भी सनातन विरोधी कार्य किया गया। इसके अलावा समय–समय पर देवभूमि में कई प्रकार की सनातन विरोधी घटनाएं हो रही हैं। जिससे देवभूमि में रहने वाले लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। जबकि व्यापारिक घुसपैठ कर आर्थिक रूप से क्षेत्र निवासियों को कमजोर करने के प्रयास किया जा रहा है। कहीं ना कहीं देव भूमि की संस्कृत और पौराणिक परंपराओं पर भी असर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उत्तराखंड में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों के 51 किलोमीटर के दायरे में अवैध धार्मिक घुसपैठ प्रतिबंधित करने के लिए कड़े नियम बनाए जाएं। ताकि देवभूमि के दुर्गम स्थलों में अवैध धार्मिक घुसपैठ पर प्रतिबंध लगाया जा सके। इधर केदारनाथ तीर्थपुरोहित ने भी भैरव सेना के आंदोलन को समर्थन दिया।

## चोरी का आरोपी गिरफ्तार, दो वाहन बरामद

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोरी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किए गए एक दोपहिया एवं एक चौपहिया वाहन बरामद हुआ है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी ने बताया कि तीन दिन पूर्व सब्जी मंडी कैंपस से एक लोडर चोरी कर लिया गया था। वाहन स्वामी की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी थी कि लोडर रानीपुर क्षेत्र के सलेमपुर–सुमननगर मार्ग पर लावारिस अवस्था में बरामद हुआ था। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने पर आरोपी के संबंध में साक्ष्य मिले थे।

# लापरवाही से खता गांव में पेयजल संकट गहराया



ऋषिकेश। गर्मी का मौसम अभी शुरू भी नहीं हुआ है, लेकिन जल संस्थान की लापरवाही से क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने लगा है। स्थानीय लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। बावजूद इसके अधिकारी समस्या के समाधान को तैयार नहीं दिख रहे हैं। दरअसल, खता गांव में पेयजल आपूर्ति कई दिनों से बाधित है। सप्लाई करने वाला ट्यूबवेल तीन सप्ताह से खराब हैं, मगर उसे अभी तक ठीक नहीं किया गया है। पेजयल के लिए जल संस्थान ने वैकल्पिक इंतजाम भी नहीं किए हैं। अभी तक स्थानीय ग्रामीण प्यास बुझाने के लिए हैंडपंप पर निर्भर थे, लेकिन वह भी खराब होने से मुश्किलें और ज्यादा बढ़ गई हैं। घरेलू कामकाज निपटाने और हलक तर करने के लिए दूर दराज से पानी ढोना पड़ रहा है।

ग्रामीण सलोचना, काकी, नथु,सोमती, बीना,एकता, रीना,अलका, अर्चना, अंगूरी, देव माला, रूबी और मधु ने बताया कि समस्या को लेकर कई दफा अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, मगर पेयजल आपूर्ति अभी तक सुचारु नहीं हो पाई है। चेताया कि जल्द पेयजल व्यवस्था को ठीक नहीं किया गया, तो ग्रामीण आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# 43वें दिन भी जारी रहा जोशीमठ संघर्ष समिति का धरना

चमोली। जोशीमठ में भू धंसाव की जद में आए प्रभावित परिवारों और समर्थकों का धरना जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले 43वें दिन भी जारी रहा। धरना दे रहे लोगों ने कहा कि बुधवार 15 फरवरी को कैबिनेट की बैठक में जोशीमठ के बारे मे जो निर्णय लिया गया है उससे प्रभावित परिवार एवं संघर्ष समिति सहमत नहीं है। धरना स्थल पर प्रभावितों ने कहा कि अभी तक प्रभावितों के विस्थापन समेत अधिकांश बिन्दुओं पर सरकार गोल मोल रवैया अपना रही है, जिससे प्रभावित काफी दुखी हैं। धरना स्थल पर निर्णय हुआ कि जब तक लोगों की न्यायोचित मांगें नहीं मान ली जाती धरना जारी रहेगा। धरना देने वालों में कमल रतूड़ी, मीना डिमरी, रोहित परमार, प्रकाश नेगी, वैभव सकलानी, सीमा सती आदि शामिल रहे। कैबिनेट बैठक से थी उम्मीदें : संघर्ष समिति के प्रवक्ता कमल रतूड़ी ने कहा कि पूरे नगरवासियों को उम्मीद थी कि 15 फरवरी को कैबिनेट बैठक में सरकार नगर के प्रभावितों के बारे में ठोस निर्णय लेगी,

## ऋषिकेश कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने घोषित की नई कार्यकारिणी

ऋषिकेश। कांग्रेस ऋषिकेश महानगर के अध्यक्ष राकेश सिंह ने गुरुवार को नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। उपाध्यक्ष पद का दायित्व प्यारेलाल जुगरान, पार्षद गुरविंदर सिंह, राधा रमोला और त्रिलोकीनाथ तिवारी को दिया गया है। जबकि महासचिव पद की जिम्मेदारी पार्षद शकुंतला शर्मा, पुष्पा मिश्रा, भगवान सिंह पंवार समेत किशोर गौड़ को सौंपी है। महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा पार्टी प्रदेशाध्यक्ष करन माहरा और जिलाध्यक्ष परवादून की सहमति के बाद की गई है।

# मोबाइल चोरी में तीन आरोपी गिरफ्तार, 6 मोबाइल फोन बरामद



हरिद्वार। शहर कोतवाली पुलिस ने मोबाइल चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के छह मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र की चित्रा टाकीज गली में बने होटल विनायक इन में कमरा किराए पर लेने के बहाने से पहुंचा एक युवक होटल मैनेजर का मोबाइल फोन ले उड़ा था। इस संबंध में होटल मैनेजर ने पुलिस से शिकायत की थी। कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने के बाद युवक के संबंध में अहम जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक के साथ साथ उसके दो साथी भी दबोचे गए। आरोपियों के कब्जे से होटल मैनेजर के मोबाइल फोन समेत छह मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपियों के नाम अमन अरोडा निवासी गायत्री विहार कालोनी गेट नंबर चार शांतिकुंज के पास भूपतवाला, सोहन सिंह जगवाण निवासी नया गांव मल्हान पटेलनगर देहरादून हाल निवासी निकट पुराना रानीपुर मोड़ एवं शैलेश द्विवेदी निवासी दुगड्डा थाना कोटद्वार जिला पौडी गढ़वाल हाल निवासी निकट विशाल मैगामार्ट पुराना रानीपुर मोड़ है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# बिजली बिल और डेबिड कार्ड के नाम पर ठगे 1.49 लाख वापस दिलाएं



जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** साइबर ठगों ने अब ठगी करने का तरीका बदल दिया है। साइबर ठग बिजली के बिल जमा करने के नाम पर ठगी कर रहे है। पौड़ी जिले की पुलिस ने साइबर ठगों द्वारा बिजली के बिल जमा कराने और डेविड कार्ड बनाने के नाम पर दो व्यक्तियों से ठगे गये 1.49 लाख रुपये वापस दिलाए है।

वर्तमान समय में साइबर ठगों द्वारा आमजनों को फोन कॉल (बिजली कनेक्शन काटने, इंश्योरेंस पॉलसी कराने आदि के नाम पर), ई-मेल एवं सोशल साइट्स (फेसबुक, ट्वीटर, इंस्टाग्राम आदि) पर भिन्न-भिन्न प्रकार के लुभावने ऑफर दिये जाते है। लोग लालच में आकर साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। इसी प्रकार के दो मामलों की शिकायतें जनपद की साइबर सेल कोटद्वार के पास आई। 30 जनवरी 2023 को डॉ0 आरके अग्रवाल निवासी सिनेमा रोड कोटद्वार गढ़वाल ने एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उन्हें कॉल कर बिजली बिल का भुगतान न होने व बिजली कनेक्शन काटने का झांसा देकर उनसे 49,000 रूपये की ऑनलाइन ठगी की गयी। 2 फरवरी 2023 को श्रीमती सुनीता देवी पत्नी मनमोहन सिंह, निवासी कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल ने शिकायत दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके पति को डैबिट कार्ड दिलाने का झांसा देकर 99,999 रूपये की धनराशि की ऑनलाइन ठगी की गयी। साइबर सेल द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये सम्बन्धित पैमेन्ट गेटवे/बैंक नोडल से पत्राचार कर उपरोक्त व्यक्तियों की सम्पूर्ण धनराशि को उनके खातों में वापस करायी ई। जो कि आवेदकों के खातों में प्राप्त हो चुकी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्रीमती श्वेता चौबे ने जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति के कॉल और मैसेज से सावधान रहें, किसी से भी अपना पिन और ओटीपी शेयर ना करें, अंजान लिंक, ऑनलाइन जॉब्स ऑफर से सम्बन्धित लिंक पर क्लिक ना करें, अंजान क्यूआर कोड को स्कैन ना करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही ऑनलाइन ठगी का बचाव है। इसलिए जागरूक बनें एवं अन्य व्यक्तियों को भी जागरूक करें। एसएसपी ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार होता है तो तत्काल नजदीकी थाना एवं साईबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। साइबर पुलिस टीम में निरीक्षक राजेन्द्र सिंह खोलिया (प्रभारी साईबर सैल), उपनिरीक्षक जयपाल सिंह चौहान, मुख्य आरक्षी उत्तम सिंह, आरक्षी अरविन्द राय, विमला नेगी आदि शामिल थे।

# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस सर्तक, मेला क्षेत्र में भारी वाहनों पर रोक

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 18 मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जायेगा। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर जनपद पौड़ी गढ़वाल के थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्रान्तर्गत श्री नीलकण्ठ महादेव में उत्तर-ाखण्ड एवं बाहरी राज्यों से काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं जलाभिषेक करने आते हैं। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस सर्तक हो गई है। अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चन्द्र सुयाल ने बैठक कर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान उन्होंने पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए अहम टिप्स दिए। 17 से 19 फरवरी तक सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगायी गयी है। सांय 6 से प्रातः 6 बजे तक पैदल मार्ग पर श्रद्धालुओं के आवागमन पर पूर्ण रूप से रोक रहेगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता चौबे के निर्देशन में गुरूवार को अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चन्द्र सुयाल ने थाना लक्ष्मणझूला में बैठक ली। उन्होंने ड्यूटीरत समस्त पुलिस बल को श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु समर्पित भाव से ड्यूटी पर नियुक्त रहने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था सुचारु रुप से चलाने हेतु निर्देशित किया। एएसपी ने बताया कि महाशिवरात्रि मेले के दृष्टिगत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को 3 जोन और 6 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी और सेक्टर में निरीक्षक एवं थानाध्यक्ष स्तर के अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। मेला सुरक्षा के दृष्टिगत 5 निरीक्षक, 4 थानाध्यक्ष, 30 उपनिरीक्षक/अपर उपनिरीक्षक, 22 हेड कांस्टेबल, 60 कांस्टेबल, 2 प्लाटून पीएसी, एसडीआरएफ यूनिट, जल पुलिस एवं फायर सर्विस को तैनात किया गया है। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाये रखने हेतु श्री नीलकण्ठ महादेव मन्दिर जाने के लिए पशुलोक बैराज-गरुड़ चट्टी-नीलकण्ठ मंदिर मार्ग को निर्धारित किया गया है। मंदिर से वापसी हेतु नीलकण्ठ-गरुड़ चट्टी-तपोवन मार्ग निर्धारित किया गया है। वाहनों के अव्यवस्थित रूप से खड़े पाए जाने पर उन्हें हटाने के लिए क्रेन की व्यवस्था की गयी है। साथ ही नीलकण्ठ में पार्किंग फुल होने की दशा में वाहनों को पीपल कोटी-दिउली मार्ग पर डायवर्ट कर पार्क कराया जाएगा।



थाना लक्ष्मणझूला में बैठक लेते हुए एएसपी शेखर चन्द्र सुयाल।

# लंबित प्रकरणों का जल्द निस्तारण करें

पौड़ी : राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में डीएम ने राजस्व वसूली, सीएम पोर्टल पर लंबित शिकायतों, नजूल भूमि के प्रकरणों, तहसील स्तर पर लंबित राजस्व वादों के निस्तारण, गौरा शक्ति पोर्टल पर महिलाओं के पंजीकरण आदि की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित एसडीएम को राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए। डीएम ने नगर पंचायत दुगड्डा में एसटीपी के लिए भूमि का प्रकरण एक वर्ष से लंबित होने पर राजस्व विभाग के अधिकारी को फटकार लगाई।गुरुवार को बैठक में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने राजस्व वसूली को लेकर अमीनो को मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए। डीएम ने लैंसडौन, पौखाल, कण्डी में पूर्ति विभाग के खाद्यान गोदाम के लिए भूमि चयन व स्थानान्तरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश दिए। वहीं, डीएम ने नजूल भूमि की फाइलों में लेटलतीफी पर नगर निगम सहित नगर पालिकाओं, पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। डीएम ने अफसरो को साफ निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों से निकलने वाला मलबा निर्धारित डंपिंग जोन में ही डाला जाए। बैठक में एडीएम इला गिरी, एसडीएम आकाश जोशी, प्रमोद कुमार, सीओ पुलिस प्रेमलाल टम्टा, डीएसओ कुशाल सिंह कोली आदि शामिल थे।

# विस अध्यक्ष ने सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन का अनुरोध किया

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेलवे बोर्ड अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी से मुलाकात कर कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से जुड़े विषयों पर विचार विर्मश किया। उन्होंने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस का समय परिवर्तन करने और कोटद्वार रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण कराने का अनुरोध किया।

विधानसभा अध्यक्ष ने रेलवे बोर्ड अध्यक्ष को सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस से जुड़ी समस्याओं के बार में बताते हुए कहा कि क्षेत्रवासी लंबे समय से रेलगाड़ी के प्रस्थान-आगमन के समय में परिवर्तन चाह रहे हैं। वर्तमान में यह रेलगाड़ी रात्रि लगभग साढ़े दस बजे दिल्ली पहुंचती है, जिस कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कोटद्वार में पार्किंग की समस्या को देखते हुए स्टेशन के पास रेलवे की खाली पड़ी भूमि पर पार्किंग बनाने का सुझाव देते हुए कहा कि इससे रेलवे की अतिरिक्त कमाई होगी और कोटद्वार की जनता को पार्किंग की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने रेलवे बोर्ड अध्यक्ष को कोटद्वार-दिल्ली के बीच चलने वाली दूसरी रेलगाड़ी गढ़वाल एक्सप्रेस की सेवा के संबंध में आ रही कठिनाइयों से अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि यह रेल सेवा कोरोना काल से बंद है जिसके संचालन हेतु क्षेत्र वासियों द्वारा बार-बार मांग की जा रही है। मौके पर केंद्रीय रेलवे बोर्ड अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने सभी समस्याओं के निवारण हेतु विधानसभा अध्यक्ष को सहयोग का आश्वासन दिया।

# वनाग्नि रोकने के लिए आवश्यक उपकरण खरीद लें

**पौड़ी** : राजाजी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के वन विश्राम गृह कुनाऊ में एक दिवसीय वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठी में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने वन विभाग को वनाग्नि की रोकथाम के लिए समय रहते सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। कहा कि हर हाल में वन्यजीवों के साथ-साथ जंगलो की सुरक्षा की जाए। विधायक यमकेश्वर रेनू बिष्ट ने कहा कि वनो की सुरक्षा के लिए लोगों की सक्रिय भागीदारी के लिए व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए।

राजाजी टाइगर रिजर्व के गौहरी रेंज के वन विश्राम गृह कुनाऊ में आयोजित वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठी में डीएम डा. आशीष चौहान ने वन विभाग के अफसरो को वनाग्नि को रोकने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। कहा कि वनाग्नि रोकने के लिए आवश्यक उपकरण खरीद ले। कहा कि राजाजी टाइगर रिजर्व के तहत बसे वन ग्रामो में पेयजल की आपूर्ति बाधित ना हो इसके लिए जल संस्थान अभी से तैयारी कर ले। इन गांवों में विद्युत आपूर्ति की कमी को पूरा करने के लिए डीएम ने उरेडा के अधिकारियों को सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए। कहा कि जंगल हमारी धरोहर है। जंगलो की सुरक्षा के लिए आमजन की सहभागिता आवश्यक है। बैठक में डीएफओ कहकशा नसीम, तहसीलदार मंजीत सिंह, रेंजर गौहरी रेंज मदन सिंह रावत आदि शामिल थे।

# पीजी की पढ़ाई के लिए शहरों में जाने को मजबूर छात्र

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. थानसिंह रावत राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा पटोटिया में स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित नहीं होने से इन कक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं को अभी भी रामनगर, काशीपुर, कोटद्वार, देहरादून आदि शहरों तक की दौड़ लगानी पड़ती है। यहां आसपास के उनके लिए पीजी की पढ़ाई के लिए कोई विकल्प नहीं है। यूजी के बाद आगे की पढ़ाई के लिए लंबी दूरी तय करने के सिवा और कोई विकल्प नहीं है।

पौड़ी जिले के दूरस्थ क्षेत्र में होने की वजह से यहां के छात्र पीजी करने के लिए केंद्रीय विश्व विद्यालय तक भी नहीं आ पाते। यहां से या तो कोटद्वार, देहरादून या फिर मंडल बदल कर कुमाउं के रामनगर व काशीपुर के कॉलेजों की ओर ही रुख करना पड़ता है।

करीब दो दशक पहले खुले इस महाविद्यालय में अभी बीए, बीएससी, बीकॉम के साथ ही स्ववित्त पोषित बीएड पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। यहां स्नातकोत्तर कक्षाओं की मांग पिछले लंबे समय से हो रही है। हिंदी, समाज शास्त्र व राजनीति शास्त्र में स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए प्रस्ताव भी गया है। लेकिन अभी तक शासन से इस मामले में हरी झंडी नहीं मिल पाई। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. बीपी उनियाल के मुताबिक इस शिक्षण सत्र में बीए, बीएससी, बीकाम में 218 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। स्ववित्त पोषित बीएड पाठ्यक्रम में 42 छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण ले रहे हैं। बताया कि कला संकाय में 7 विषयों में से 6 स्थायी प्रवक्ता व 1 संविदा प्रवक्ता कार्यरत हैं। विज्ञान संकाय में 5 विषयों में से 4 में स्थायी प्रवक्ता कार्यरत हैं व गणित प्रवक्ता का पद रिक्त है। वाणिज्य संकाय में सृजित 2 पदों में दोनों पर स्थायी प्राध्यापक कार्यरत हैं। प्रयोगशाला में नवीनतम पाठ्यक्रम के अनुसार आवश्यक उपकरण, सामग्री उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में ई ग्रन्थालय, साफ्टवेयर उपलब्ध है। महाविद्यालय परिसर में सीसीटीवी व्यवस्थित रूप से काम कर रहा है। स्मार्ट क्लास की भी व्यवस्था है।

उधर, डिग्री कॉलेज नैनीडांडा में स्नात्कोत्तर कक्षाओं की शुरुआत के लिए अभी इंतजार है।

यूजी के बाद स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं को यहां से दूसरे शहरों में ही जाना पड़ रहा है, इसके सिवा और कोई विकल्प भी नहीं है। ऐसे में अभिभावकों को भी अपने बच्चों को पीजी की कक्षाओं में दाखिला दिलाना कोई आसान नहीं है।

यानी जहां अभिभावकों के लिए राह आसान नहीं वहीं उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को भी लंबी दौड़ लगानी पड़ रही है। वहीं महाविद्यालय में पुस्तकालय भवन, विज्ञान भवन, प्रयोगशाला, बहुद्देशीय सभागार की भी जरूरत है तो कॉलेज का क्रीड़ा मैदान का विस्तार भी अभी नहीं हो पाया।

# गुलदार के आतंक से ग्रामीण परेशान

**पौड़ी** : पोखड़ा ब्लाक के ग्राम सभा किमगडी में गुलदार के आतंक से ग्रामीण दहशत में है। गुलदार दिन दहाड़े ही गांव के आसपास घूम रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

ग्राम प्रधान किमगडी राजमती देवी, नरेंद्र सिंह, दलबीर सिंह, सीता देवी, विनीता देवी, विपिन नेगी ने वनक्षेत्राधिकारी अमेली रेंज दमदेवल पोखड़ा को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि गुलदार इन दिनों गांव में दिन दहाड़े धमक रहा है। साथ ही कई मवेशियो को अपना निवाला भी बना चुका है। कहा कि गुलदार के आतंक से ग्रामीण दहशत में है। दिन दहाड़े गुलदार के गांव में आ धमकने से ग्रामीण अपने रोजमर्रा का कार्य भी नहीं कर पा रहे है। उन्होंने वन विभाग से जल्द ही ग्रामीणों को गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई है।

# नीलकंठ में चलाया सफाई अभियान



नीलकंठ पैदल मार्ग में सफाई करते हुए लोग।

**पौड़ी :** नीलकंठ क्षेत्र में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियां शुरू हो गई है। महाशिवरात्रि पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए यमकेश्वर तहसील, नगर पंचायत जोंक व वन विभाग के कर्मचारियों, परमार्थ निकेतन के सदस्यों द्वारा बाघखाल व पुंडरासु से नीलकंठ पैदल मार्ग में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान कूड़ा व प्लास्टिक उठान से लेकर झाड़ियों की कटिंग, पेड़ों की लॉपिंग, ब्लीचिंग का छिड़काव भी किया गया। इस मौके पर एसडीएम यमकेश्वर स्मृता परमार, तहसीलदार मनजीत सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मंजू चौहान आदि शामिल थे।

# शाटपुट में सार्थक और दौड़ में जेसिका ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

**श्रीनगर गढ़वाल :** प्राविधिक शिक्षा विभाग श्रीनगर की गढ़वाल जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें लंबी कूद प्रतियोगिता में राजकीय पॉलीटेक्निक श्रीनगर के राजन पंवार ने प्रथम, राजकीय पॉलीटेक्निक पिपली के सुनील कुमार ने द्वितीय और राग्रापा थलनदी के आयुष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग की 200 मी. दौड़ में श्रीनगर की जेसिका चौहान ने प्रथम, मनीषा ने द्वितीय और बड़कोट की निधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरूष वर्ग की शाटपुट प्रतियोगिता में गौचर के सार्थक पुजारी, श्रीनगर के रोहित रावत और बीरोंखाल के शुभम शाह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। रिले रेस में श्रीनगर की जेसिका, मनीषा, दिया और केशवी ने प्रथम, पोखरी की टीम ने द्वितीय और गौचर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इससे पहले दिन देर सायं समूह नृत्य और समूह गान की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। मौके पर राजकीय पॉलीटेक्निक श्रीनगर के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा, जितेंद्र कुंवर, प्रशांत डोभाल, शिल्पी कनौजिया, रीना नवानी, विनोद डोभाल, विवेक गोयल देवेंद्र गिरी, अवनीश जैन, सरिता, विजेंद्र मंमगाई, मनमोहन पटवाल आदि मौजूद रहे। संचालन अनिल शाह एवं आंचल राणा ने किया। (एजेंसी)

# लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करें

**श्रीनगर गढ़वाल** : स्वास्थ्य विभाग पौड़ी की ओर से नगर निगम श्रीनगर के पालिका हॉल में पर्यावरण मित्रों के लिए एचआईवी/एड्स विषय पर एक दिवसीय मुख्यधारा प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रुचि पैन्यूली द्वारा एड्स रोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने रोग के फैलने व बचाव के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि सेक्सुअल ट्रांसमिशन से ही नहीं बल्कि ब्लड ट्रांसमिशन एवं नशे में प्रयोग की जाने वाली सीरिंज के इस्तेमाल से भी व्यक्ति एचआईवी संक्रमित हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व है कि सामाजिक दायरे में लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करें। जो व्यक्ति संक्रमित हो चुके हैं उन्हें भावात्मक सहयोग दें। यह हमारा सामाजिक दायित्व है कि उनके साथ किसी भी तरह से सामाजिक भेदभाव न हो। कार्यक्रम में डॉ. गौरी डोभाल द्वारा टीबी रोग की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक सुबोध कुमार, नीरज भंडारी, अरुण शाह और पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्लेसमेंट की व्यवस्था की जाए

जयन्त प्रतिनिधि।

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर छात्र संघ पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल व प्रति कुलपति प्रो. आरसी भट्ट से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विवि में संचालित हो रहे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए प्लेसमेंट की व्यवस्था कराए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन भी दिया।

छात्र संघ अध्यक्ष गौरव मोहन सिंह नेगी, उपाध्यक्ष रोबिन असवाल, सचिव रंजना और कोषाध्यक्ष योगेश सिंह ने कहा कि विवि में विभिन्न व्यावसायिक कोर्सेस में पढ़ रहे छात्रों के लिए प्लेसमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने विभिन्न कक्षाओं की प्रयोगशालाओं की स्थिति सुधारे जाने, विश्वविद्यालय में शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने, विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों तथा मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति करने, सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश ना कराए जाने, बिड़ला परिसर में नवनिर्मित महिला छात्रावास को जल्द खोले जाने, विवि में शौचालयों की स्थिति को सुधारे जाने, बिरला कैंपस व चौरास कैंपस में जगह–जगह पर डस्टबीन लगाए जाने सहित छात्र–छात्राओं के लिए नई कॉलेज बसों की व्यवस्था किए जाने की मांग की। (एजेंसी)

# शिविर का 85 लोगों ने उठाया लाभ

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व हंस फाउन्डेशन सतपुली के तत्वावधान में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के पहले दिन 85 लोगो ने पंजीकरण करवाया। जिसमें रक्तचाप, आंखों की जांच, मधुमेह व स्वास्थ्य से जुड़ी अन्य बीमारियों की जांच की गई।

इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मनोज उप्रेती, हंस फाउन्डेशन सतपुली से आए चिकित्सक डा. आशु मलिक के द्वारा किया गया। जांच के बाद गंभीर रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को स्वास्थ्य टीम के द्वारा हंस फाउंडेशन सतपुली में निशुल्क ईलाज के लिए रजिस्टेशन भी किया गया।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत




जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : बीती बुधवार रात को देवी रोड पर एक बाईक अनियंत्रित होकर दीवार से टक्करा गई। दुर्घटना में बाईक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार शिब्बूनगर निवासी 25 वर्षीय आकाश नेगी पुत्र उदय सिंह नेगी बीती बुधवार रात को करीब 12 बजे बाईक में सवार होकर बाजार से घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान देवी रोड पर पदम सिंह बिल्डिग के पास बाईक अनियंत्रित होकर दीवार से टक्करा गई। दुर्घटना में आकाश नेगी गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस ने की मदद से घायल को राजकीय बेस अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने आकाश को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षण मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं राजकीय बेस अस्पताल के सीएमएस विजयेश भारद्वाज ने बताया कि सड़क दुर्घटना में आकाश नेगी की मौत हुई है।

# दिव्यांगजनों ने जागरूकता रैली निकाली




अल्मोड़ा। दिव्यांगजन जागरूकता कार्यक्रम के तहत द्वाराहाट नगर में रैली का आयोजन हुआ। दिव्यांगजन सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से गोपाल दत्त शिक्षण समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए दिव्यांगजनों को सम्मान व सुविधाओं का लाभ देने में आमजन से सहयोग की अपील की गयी। इस दौरान मुख्य चौराहे पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी हुआ। यहां संस्था के निदेशक संदीप कुमार शर्मा, राजेंद्र सिंह नेगी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल चौधरी, विमल साह, युगल किशोर आर्या, जगदीश रौतेला,कमल साह, आशीष वर्मा, निर्मल मठपाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य अशोक कुमार, सहायक समाज कल्याण अधिकारी नम्रता गौड़ आदि मौजूद रहे।

## दो और तीन मार्च को बनाए जाएंगे दिव्यांग प्रमाण पत्र

हल्द्वानी। किसान इंटर कॉलेज पीरूमदारा रामनगर में 2 मार्च और रामलीला मैदान भीमताल में 3 मार्च को दिव्यांग जनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने को लेकर शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा हड्डी, नेत्र, एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ की जांच के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भागीरथी जोशी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा निशुल्क बस पास, यूडीआईडी कार्ड, पेंशन के लिए आवेदन लिए जाएंगे। खंड विकास अधिकारी मान सिंह को नोडल अधिकारी नामित करने के साथ शिविर में दिव्यांग जनों को लाने और छोड़ने के लिए परिवहन व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# डीएम ने किया काली नदी पर बने दो नए पुलों का शुभारंभ

पिथौरागढ़। भारत व नेपाल के बीच सीमांत तहसील धारचूला से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा में काली नदी में दो नए झूलापुल बनकर तैयार हो गए हैं। इन झूलापुलों का एक कार्यक्रम में डीएम रीना जोशी ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इन पुलों के बनने से दोनों देशों के लोगों के लिए आवाजाही आसान होगी। गुरुवार को जिलाधिकारी जोशी व नेपाल दार्चुला के सीडीओ दीर्घ राज उपाध्याय ने काली नदी पर जयकोट व ग्सकु में बने पुलों का शुभारंभ किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि दोनों देशों के लोगों को इन पुलों के बनने का लाभ मिलेगा। कहा कि दोनों देशों के बीच प्राचीन काल से काफी मधुर संबंध रहे हैं। अब यहां लोगों को इन पुलों के बनने से आवाजाही के लिए कई किमी नहीं चलना पड़ेगा। सीमांत में दो पुलों के बनने से दोनों देशों के लगभग 9हजार की आबादी को लाभ मिलेगा। दार्चुला नेपाल के मेयर मंगल सिंह धामी ने कहा इन दोनों पुल के बन जाने से भारत के ग्राम जयकोट, पांगला, ग्सकु,और नेपाल के माल,रापला, दुमलिंग सुसारपानी आदि गांवों के लोगों को आवाजाही में लाभ मिलेगा। जयकोट के पूर्व प्रधान चन्द्र सिंह बडाल ने कहा इससे दोनों देशों के बीच रोटी बेटी के संबंध मजबूत होंगे। भारत की और एसएसबी और नेपाल की और नेपाल पुलिस पुल की सुरक्षा व निगरानी करेगी।

## अपर आयुक्त के सामने रखी समस्याएं

चम्पावत। नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने कुमाऊंअपर आयुक्त नैनीताल को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को आयुक्त जीवन सिंह नगन्याल के आगमन पर नगर पालिका की टीम ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा ने आयुक्त के सम्मुख नगर की विभिन्न समस्याओं पर वार्ता की।

# परिवहन मजदूर संघ ने किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन




चम्पावत। उत्तरांचल परिवहन निगम मजदूर संघ ने रोडवेज वर्कशॉप कार्यालय में एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने निगम के निजीकरण सहित तमाम मांगो को लेकर प्रदर्शन किया। आरएम के माध्यम से समाज कल्याण मंत्री और प्रबंध निदेशक के ज्ञापन भी भेजा। गुरुवार को रोडवेज वर्कशॉप में उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ के अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में संघ के कर्मियों ने धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय मंत्री गौरव गुप्ता ने किया। इस दौरान संघ के लोगों ने निगम प्रबंधन डाटा विभागीय कर्मचारियों के विरुद्व जारी की गई नीतियों का जमकर विरोध किया। उन्होंने निगम का निजीकरण करने, अनुबंधित बसें लाने और कार्यालय में उपनल के माध्यम से लिपिकों की भर्ती का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने संविदा कर्मियों को नियुक्त किए जाने, मृतक आश्रितों को नियुक्त करने, अनुबंधित बसें बंद कराए जाने सहित तमाम मांगों को लेकर आरएम के माध्यम से समाज कल्याण मंत्री और प्रबंध निदेशक को ज्ञापन भेजा। कहा कि मांगे पूरी नहीं होने पर 16 मार्च से वह लोग सचिवालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरु करेंगे।

## वरिष्ठ नागरिकों ने किया सरकार की सदबुद्धि को हवन

पिथौरागढ़। सीमांत में विमान सेवा शुरू न होने से आक्रोशित वरिष्ठ नागरिकों ने सरकार की सदबुद्धि के लिए हवन किया। उन्होंने धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने जल्द विमान सेवा शुरू होने की बात कहकर लोगों को उम्मीद दिखाई और अब एयरपोर्ट वायुसेना के हवाले कर लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। गुरुवार को सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष दयानंद भट्ट के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिक नैनीसैनी एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एयरपोर्ट के मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर हवन का आयोजन किया और ईश्वर से सरकार को सदबुद्धि देने की अपील की।

# जोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में द्वाराहाट पॉलीटेक्निक रहा ओवर ऑल चैम्पियन



अल्मोड़ा।राजकीय पॉलीटेक्निक द्वाराहाट में आयोजित तीन दिवसीय जोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का गुरुवार को समापन हो गया। तीन दिवसीय खेलों में द्वाराहाट पॉलीटेक्निक के खिलाड़ी ओवर ऑल चैम्पियन रहे। संस्थान के नीरज बढ़शिलिया और मीनाक्षी तिवारी ने सबसे तेज दौड़ते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की। कुमाऊं इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो सत्येन्द्र सिंह एवं प्रावधिक शिक्षा के संयुक्त निदेश-क डॉ. राजेश उपाध्याय ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में कुमाऊं के 12 पॉलीटेक्निक के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सौ मीटर दौड़ के छात्र वर्ग में नीरज, राजेश, गजेन्द्र व छात्रा वर्ग में मीनाक्षी तिवारी, प्रियंका, तनुजा बिष्ट क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान बनाने में सफल रहे। दौ सौ मीटर दौड़ में नीरज, राजेश, करन आर्या व छात्रा वर्ग में मीनाक्षी, अंजलि व तनुजा बिष्ट, छात्र वर्ग की चार सौ मीटर दौड़ में करन, शुभम, पवन व छात्रा वर्ग में अंजलि, निशा मेहता व तनुजा बिष्ट ने बाजी मारी। वहीं, आठ सौ मीटर व 15 सौ मीटर दौड़ में एश्वर्य, दिनेश नैनवाल प्रथम रहे। इसके अलावा लम्बी कूद में नीरज, भाला फेंक में सुमित, दीप्ति, बैडमिंटन में अंकित मेहरा स्थान बनाने में कामयाब रहे।

# ठगी करने के एक और आरोपी को पुलिस ने राजस्थान के बड़ोदा मेव से गिरफ्तार किया



सितारगंज ,कोतवाली में तैनात पुलिस हेड कांस्टेबल का मोबाइल नंबर हैक कर ठगी करने के एक और आरोपी को पुलिस ने राजस्थान के बड़ोदा मेव से गिरफ्तार किया है।

हेड कांस्टेबल नरेंद्र यादव के मोबाइल नंबर को हैक कर उनके व्हाट्सएप की डीपी पर नरेंद्र यादव की फोटो लगाकर हैकर ने उनके परिचितों से 80 हजार रुपये की ठगी कर ली थी। नरेंद्र यादव की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। एसएसपी के निर्देश पर टीम गठित कर सर्विलांस व बैंक डिटेल की रिपोर्ट निकाली गई। टीम ने रवीन्द्र सिंह को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ लिया था। 15 फरवरी को पुलिस टीम को एक और सफलता मिली। पुलिस ने राजस्थान से अख्तर उर्फ काडू निवासी देवरस मथुरा को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास मिले मोबाइल में सचिन साहू नाम के बैंक खाते का एसएमएस अलर्ट लगा सिम भी बरामद हुआ है। सचिन साहू के खाते का प्रयोग आरोपी साइबर ठगी में करते थे। टीम में निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह बृजवाल, एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल, एसआई जगदीश तिवारी, एसआई अरविंद बहुगुणा, नरेन्द्र यादव, देवेन्द्र कन्याल, बलवन्त सिंह, एसओजी के भुवन पांडे, भारत भूषण शामिल रहे।

## नशे में वाहन चलाने पर वाहन सीज

चम्पावत। थाना पुलिस लोहाघाट ने चेकिंग अभियान के दौरान नशे में वाहन चलाते हुए एक पर कार्रवाई की है। पुलिस ने वाहन सीज कर डीएल निरस्तीकरण के लिए भेज दिया है। गुरुवार को एसओ मनीष खत्री ने बताया कि बाराकोट मार्ग में चेकिंग के दौरान वाहन संख्या यूके 03टीए1054 पर तलाशी लेने पर वाहन स्वामी कैलाश चन्द्र गड़कोटी निवासी रावल गांव को नशे में पाया। एसओ ने बताया कि वाहन को सीज कर दिया गाया है और वाहन स्वामी का डीएल निरस्तीकरण के लिए भेज दिया गया है।

# एसडीएम–सीएमएस ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर छापा मारा



पिथौरागढ़।एसडीएम और सीएमएस की संयुक्त टीम ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने दो केंद्रों को चेतावनी देते हुए पाई काशीपुर। एसडीएम और सीएमएस की संयुक्त टीम ने अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने दो केंद्रों को चेतावनी देते हुए पाई गई अनियमिताओं को जल्द दूर करने के निर्देश दिये।

गुरुवार को एसडीएम राकेश तिवारी और सीएमएस डॉ. पंकज माथुर की संयुक्त टीम ने खुशी और बॉम्बे अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापा मारा। टीम ने सेंटरों के दस्तावेजों और सीसीटीवी की जांच कर अल्ट्रासाउंड मशीन का परीक्षण किया। इस दौरान सेंटरों में अल्ट्रासाउंड कराने के लिए आने वाले लोगों के दस्तावेजों में कमी पाई गई।

जिस पर एसडीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने संचालकों को दस्तावेजों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए और दोबारा कमी पाए जाने पर अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील करने की चेतावनी दी। एसडीएम ने बताया कि अल्ट्रासाउंड केंद्रों में लिंग परीक्षण करने की शिकायत मिली थी। जिसके चलते अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापेमारी की गई है। उन्होंने कहा कि शिकायत के अनुसार ऐसा कोई मामला अब तक सामने नहीं आया है।

# स्टेशन बाजार में हॉटमिक्स न होने पर व्यापारी गुस्साए



चम्पावत। नगर के स्टेशन बाजार में एनएच की ओर से छोड़े गए अधूरे काम को लेकर व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने जल्द स्टेशन बाजार में हॉट मिक्स न करने पर एनएच के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी। गुरुवार को स्टेशन बाजार के व्यापारियों ने एनएच के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने बताया कि एनएच ने स्टेशन बाजार में कई जगह दो साल से अधूरा काम करके छोड़ दिया है। जिस कारण रोड में कई जगह गड्ढे हुए हैं, वाहन चलने के दौरान पत्थर उछलकर दुकानों में आ रहे हैं और दिन भर उड़ती धूल से लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कई बार मांग के बाद एनएच काम को पूरा नहीं कर रहा है। व्यापारियों ने कहा कि अगर जल्द सड़क में डामरीकरण का कार्य पूरा न किया गया तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। एनएच के ईई दिनेश रावत ने बताया कि देवराड़ी बैंड से काम शुरू कर दिया गया है। जल्द ही लोहाघाट की स्टेशन बाजार में भी हॉटमिक्स का कार्य शुरू किया जाएगा। इस मौके पर दानू सुतेड़ी, नितिन माहरा, दिनेश देव, तनुज तिवारी, जगदीश चन्द्र, गौरव कापड़ी, धनश्याम जोशी, नितिन राय, नवल कुमार, सुनील चन्द्र राय आदि मौजूद रहे।

## चार दिन बाद छात्रसंघ का आंदोलन समाप्त

पिथौरागढ़। एलएसएम महाविद्यालय में छात्रसंघ ने एसडीएम के आश्वासन के बाद चौथे दिन आंदोलन समाप्त कर दिया है। पिथौरागढ़ में नए महाविद्यालय की मांग को लेकर छात्रसंघ पदाधिकारी कॉलेज परिसर में चार दिन से आंदोलन कर रहे थे। छात्रसंघ अध्यक्ष रितिक पाण्डेय ने कहा कि महाविद्यालय के कैंपस बनने के बाद छात्र–छात्राओं को दिक्कत न हो इसके लिए नए कॉलेज की मांग की जा रही थी। प्रशासन से भूमि चयन के लिए आश्वासन दिया है,जिसके बाद छात्रसंघ पदाधिकारी अपना अनशन समाप्त कर रहे हैं। एसडीएम अनुराग आर्या ने कहा कि कैंपस के अलावा एक नए महाविद्यालय की मांग की गई थी। जिसको लेकर भूमि के चयन को लेकर पत्र मिल चुका है,जल्द भूमि चयन कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गरीब रथ एक्सप्रेस का रूट व टाइम 5 जून से बदलेगा

हल्द्वानी। काठगोदाम स्टेशन से कानपुर सेंट्रल को जाने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12210) का समय और रूट बदल दिया गया है। यह ट्रेन हर हफ्ते सोमवार को काठगोदाम से रवाना होती है। जबकि मंगलवार को कानपुर सेंट्रल से काठगोदाम के लिए वापसी करती है। 5 जून से यह ट्रेन नए रूट व संशोधित समय–सारणी के अनुसार संचालित होगी।

इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में गरीब रथ एक्सप्रेस शाम 7:10 मिनट पर काठगोदाम से चल कर किच्छा, बहेड़ी, भोजीपुरा जंक्शन, इज्जतनगर एवं बरेली सिटी के रास्ते चलती है। लेकिन अब नई समय सारणी के तहत यह गाड़ी 5 जून दिन सोमवार को काठगोदाम से शाम 6:15 बजे और हल्द्वानी से 6:33 बजे, लालकुआं से 7:08 बजे, रुद्रपुर सिटी से 7:42 बजे, बिलासपुर रोड से 7:57 बजे, रामपुर से 9:20 बजे, बरेली जंक्शन से 10:58 बजे, शाहजहांपुर से रात 12:07 बजे एवं लखनऊ जंक्शन से सुबह 3:05 बजे प्रस्थान कर कानपुर सेंट्रल सुबह 4:35 बजे पहुंचेगी। अगले दिन यानि 6 जून दिन मंगलवार को यह परिवर्तित रूट व संशोधित समय–सारणी के तहत कानपुर सेंट्रल से सुबह 6:10 बजे चलेगी। जिसके बाद लखनऊ जंक्शन से 8:05 बजे, शाहजहांपुर से 10:27 बजे, बरेली जंक्शन से 11:35 बजे, रामपुर से दोपहर 1:10 बजे, बिलासपुर रोड से 1:34 बजे, रुद्रपुर सिटी से 1:52 बजे, लालकुआं से 2:40 बजे एवं हल्द्वानी से शाम 3:20 बजे प्रस्थान कर काठगोदाम शाम 3:40 बजे पहुंचेगी।

## नशा तस्कर सलीम की संपत्ति जब्त होगी

हल्द्वानी। नशा तस्करी के आरोपी सलीम अहमद और उसे परिजनों की करीब 2.50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त करने की तैयारी है। एसएसपी पंकज भट्ट ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। वनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के मुताबिक थाना क्षेत्र निवासी सलीम अहमद के खिलाफ नशा तस्करी के कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोप है कि सलीम और उसकी गैंग ने नशा तस्करी कर करोड़ों की संपत्ति जमा की है। इसके चलते आरोपी पर गैंगस्टर लगाया गया था। अब पुलिस ने गैंगस्टर सलीम सहित परिजनों की संपत्ति जब्त करने का निर्णय लिया है। कार्रवाई में गैंग लीडर सलीम अहमद भाई नईम, बहनोई हिफजान उर्फ हिबजान, मामी रुकसाना निवासी किच्छा जनपद ऊधमसिंह नगर शामिल हैं। चिह्नित संपत्ति में सलीम की दुकान, दो मंजिला दो मकान, दो बाइक, बोलेरो कार, स्कूटी, खेतीहर जमीन सहित अन्य अचल संपत्ति आरोपियों के पास है।

# एक साल में ही उखड़ गई 1.80 करोड़ की सड़क



काशीपुर। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी सड़क एक साल में ही उखड़ गई।

ग्रामीणों की शिकायत पर गांव पहुंचे विधायक ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अफसरों से ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई को कहा। मार्च 2022 में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत गांव हल्दुआ साहू से बाबरखेड़ा तक पांच किमी डामर सड़क का निर्माण 1.80 करोड़ रूपये की लागत से किया गया था। सड़क निर्माण को एक साल पूरा भी नहीं हुआ सड़क जगह जगह से उखड़ गई। इससे नाराज ग्रामीणों ने मामले की शिकायत विधायक आदेश चौहान से की। गुरुवार को विधायक ने सड़क का निरीक्षण कर सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठाये। विधायक ने बताया कि ग्रामीणों ने सड़क का निर्माण करते समय ठेकेदार की मानक के अनुरूप माल न लगाने की शिकायत की थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ठेकेदार का सड़क रिपेयर के लिए 5 वर्षो का अनुबंध है।

बावजूद इसके विभाग ने ठेकेदार से सड़क की रिपेयर नहीं कराई। बताया कि डीएम एवं सीएम को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई को कहेंगे।

**कार्रवाई न होने पर मामले को विस में उठायेंगे विधायक**

जसपुर। सड़क निर्माण के मामले में कार्रवाई न होने पर वह इस मुद्दे को विधानसभा में उठायेंगे। बताया कि माह फरवरी में सत्र चलेगा।

## सुषमा बनीं आप की जिलाध्यक्ष

पिथौरागढ़। सीमांत में आम आदमी पार्टी ने कैप्टन सुषमा बिष्ट माथुर को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। आप के प्रदेश प्रभारी दिनेश मोहनिया ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। कै. सुषमा ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताते हुए कहा कि वे जनपद में संगठन की मजबूती को लेकर कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि आप के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल की नीतियों का जन–जन तक पहुंचाएंगी। उनके जिलाध्यक्ष बनने पर चंद्र प्रकाश पुनेड़ा, जगदीश कलौनी गोविंद बिष्ट, महादेव भट्ट, डॉ. लोकेश जोशी, भूपेश जोशी, संजय, नरेंद्र, बीना, विनय, संजीव कुमार, गीता, राजेंद्र बोरा, हेमंत भंडारी, मदन, नीरज सिरौला, प्रशांत कठायत सहित कई लोगों ने खुशी जताई है।

# आगामी चुनावों के लिए कमर कसें कार्यकर्ता : सुरेश गढ़िया



बागेश्वर। भारतीय जनता पार्टी शिखर मंडल कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई। विधायक सुरेश गढ़िया ने उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों की तैयारी प्रारंभ करनी है। उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना है। स्थानीय सरयू सभागार पर आयोजित कार्यसमिति में आगामी चुनावों की रणनीति और लक्ष्य तय किए गए।

कार्यसमिति बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष हरीश कोरंगा ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बेहतर काम कर रहीं हैं। कार्यकर्ताओं को पूरे जोश के साथ फिर से चुनावी समर में उतरना है। जिसके लिए तैयारियां भी प्रारंभ कर ली गई हैं। संगठन से मिलने वाले दिशा–निर्देशों का पालन किया जा रहा है। पूर्व मंत्री बलवंत भौर्याल ने पार्टी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। अनुशासित पार्टी के प्रति जनता का विश्वास है। जिसे आगामी नगर पंचायत चुनाव और लोकसभा चुनाव में पार्टी के पक्ष में करना है। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, विक्रम शाही, राम सिंह कोरंगा, खड़क टंगड़िया, मथुरा प्रसाद, गणेश सुरकाली, सुरेश कांडपाल, प्रकाश जोशी, हरीश मेहरा आदि थे।

# जिला पंचायत ग्रामीण बाजारों में बांट रही कूड़ेदान



रुद्रप्रयाग। स्वच्छता को बनाए रखने के लिए जिला पंचायत द्वारा जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में कूड़ादान वितरित किए जा रहे हैं। ताकि लोग दैनिक जीवन में कूड़े को नियमित कूड़ेदान में ही डालने की आदत बनाएं। इस दौरान जिला पंचायत की टीम द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह के दिशा निर्देशों में जिला पंचायत की टीम ने नगरीय और सड़क से लगे बाजारों में कूड़ेदान वितरित कर रही है। कर निरीक्षक दिनेश नौटियाल, बलवीर नेगी, ज्ञानेंद्र बगवाड़ी एवं सफाई सुपरवाइजर प्रकाश रावत के नेतृत्व में जिला पंचायत की टीम ने अभी तक करीब 300 डस्टबीन बांट दिए हैं जबकि यह प्रक्रिया सतत जारी है। आने वाले दिनों में करीब एक हजार डस्टबीन वितरित किए जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने बताया कि एक हजार कूड़ेदान बांटने लगा लक्ष्य रखा गया है। जनपद को जनपद को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए फ्लैक्स बोर्ड, पम्पलेट आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। डस्टबीन वितरण का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है ताकि लोगों को एक नियत स्थान पर कूड़ा डालने की आदत बन सके।

## छात्रों ने फूंका कुलपति और प्रचार्य का पुतला

चमोली। श्री देव सुमन विश्वविद्यालय परिसर गोपेश्वर के छात्रों ने प्रदर्शन कर श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति और महाविद्यालय गोपेश्वर के प्रचार्य का पुतला फूंका। गुरुवार को छात्र संघ अध्यक्ष अंशूल भंडार, महासचिव नीतिन नेगी ने कहा कि परीक्षा दे चुके छात्र छात्राओं की अंक तालिकाओं में गड़बड़ी होने और इसके सुधार के लिए अनेक बार छात्रों द्वारा मांग किये जाने पर भी सुधार नहीं किया गया है।

# जोशीमठ में भाजपा सरकार के समर्थन में नारेबाजी

चमोली। गुरुवार दोपहर डेढ़ बजे के लगभग उस समय तहसील में अजीब नजारा देखने को मिला जब भाजपा के लोग तहसील तक प्रदेश सरकार के समर्थन में नारेबाजी करते हुए पहुंचे। ठीक इसी समय जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदेश सरकार के खिलाफ तहसील में लोग धरने पर बैठे थे। भाजपा के लोगों ने मंडल अध्यक्ष नितेश चैहान की अध्यक्षता में टैक्सी स्टैण्ड से उपजिलाधिकारी कार्यालय तक प्रदेश सरकार के समर्थन में जम कर नारेबाजी की व तहसीलदार के माध्यम से सीएम को धन्यवाद ज्ञापन भेजा। भाजपा समर्थकों ने कहा कि 15 फरवरी को कैबिनेट बैठक में जोशीमठ प्रभावितों की मांगों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिसके तहत प्रभावितों को सीपीडब्लूडी की दर से भवनों का मुआवजा, भूमि का उचित मुआवजा, पुनर्वास, जिन लोगों का व्यवसाय आपदा में क्षतिग्रस्त हुआ है उन्हें राहत आदि की समुचित व्यवस्था की है। कहा कि कुछ लोग संभवतः दुराग्रह में सरकार के इस निर्णय में कमियां निकाल रहे हैं, लेकिन सरकार ने जनभावनाओं के अनुरूप प्रभावितों का पूरा ध्यान रखा है। इस लिए भाजपा के सभी लोग प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत करते हैं।ज्ञापन देने वालों में नितेश चौहान, संदीप नौटियाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष ऋषि सती, लक्ष्मण रावत, मुकेश डिमरी, सुभाष डिमरी, रंजना शर्मा, अंशुल भुजवांण, प्रदीप नौटियाल आदि शामिल रहे।

# युवाओं की रिहाई पर कांग्रेसियों ने खुशी जाहिर की

नई टिहरी। बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बाबी पंवार और टिहरी एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष हरिओम भट्ट सहित सभी 13 युवाओं की रिहाई पर जनपद टिहरी गढ़वाल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की है।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष शांति प्रसाद भट्ट व प्रदेश सचिव कुलदीप पंवार ने युवाओं की रिहाई पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बीते दिनों प्रदेश भर के बेरोजगार युवा लगातार हो रहे पेपर लीक और विभन्न भर्ती परीक्षाओ के निरस्त होने से आहत थे। जिसे लेकर किए गये आंदोलन के में सभी बेरोजगार युवा देहरादून में धरना प्रदर्शन कर रहे थे, किन्तु डबल इंजन की भाजपा सरकार ने इन बेरोजगार युवाओं पर बर्बबरतापूर्वक लाठी चार्ज किया, जिसमें कई युवा लहू–लुहान हुए। यह प्रदेश सरकार की दमनकारी कार्यवाही थी। जो बेरोजगारों की मांगों को कुचलने का प्रयास था। इसी दौरान 13 लोगों को भारतीय दण्ड संहिता की संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जिनमे बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बाबी पंवार और टिहरी एनएसयूआई के अध्यक्ष हरिओम भट्ट सहित 13लोग थे। कांग्रेस पार्टी का प्रदेश नेतृत्व ने करन माहरा के आहवान पर लगातार बेरोजगारों की मांगों और इनकी रिहाई के लिए सड़कों पर संघर्षरत रहा। प्रदेश के कांग्रेस के अग्रज नेताओं में हरीश रावत, यशपाल आर्य, प्रीतम सिंह व गणेश गोदियाल बेरोजगारों की रिहाई के लिए प्रयासरत रहे। रिहा होने पर कांग्रेसियों खुशी जाहिर की है।

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र शिवांश गर्ग का जन्म दिनांक 07/09/2010 को राजकीय संयुक्त चिकित्सालय कोटद्वार हुआ है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम शिवम गर्ग दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम शिवांश गर्ग है।

अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम शिवांश गर्ग दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

**नेहा गर्ग पत्नी विवेक गर्ग निवासी जौनपुर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

**(0874/25)**

# सिंचाई खंड पर बिना निविदा निर्माण कार्य करवाने का आरोप

नई टिहरी। स्थानीय लोगों ने पुनर्वास निदेशालय के सिंचाई खंड के अधिकारियों पर बिना निविदा निर्माण कार्य करने का आरोप लगाते हुए इस बाबत डीएम डा सौरभ गहरवार से शिकायत कर मामले की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

नई टिहरी के स्थानीय लोगों में सुलोचना देवी, अनिता देवी, समर विजय, प्रवीर सिंह, कृष्णा रावत, प्रमोद आदि ने डीएम को लिखे पत्र में अवगत कराया कि पुनर्वास निदेशालय का सिंचाई खंड बिना निविदा के निर्माण कार्य करवा रहा है।

बिना निविदा कराये जाने वाले कामों में जिला पंचायत के सामने रावत मोटर्स वर्कशाप बौराड़ी के पास ऊपर जाने वाली सीढ़ीयों व नाले का काम किया खुले आम किया जा रहा है। इसी तरह से रागिनी भट्ट के घर के पास घिल्डियाल के निर्माणाधीन भवन के निकट पुश्ते का काम भी बिना निविदा के किया गया है। जिससे सिंचाई विभाग के इंजीनियर अपने हित साधने के लिए इस तरह के कामों को कर रहे हैं। वहीं सिंचाई विभाग इस तरह के कामों को भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम कर रही है।

इन कामों को लेकर पुनर्वास सिंचाई विभाग के ईई धीरेंद्र नेगी का कहना है कि छोटे व अति आवश्यक काम हैं, जो उच्चाधिकारियों के निर्देश पर करवाये जा रहे हैं। इसलिए टेंडर नहीं करवाया गया। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि कोई भी निर्माण कार्य बिना निविदा के नहीं करवाये जा सकते हैं।

## आठ छात्र राष्ट्रीय प्रतिभा छात्रवृति में रहे सफल

नई टिहरी। ब्लाक भिलंगना के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मगरौं के आठ छात्रों ने राष्ट्रीय प्रतिभा छात्रवृति परीक्षा में सफलता हासिल की है। विद्यालय के बेहतर प्रदर्शन के लिए क्षेत्र के लोगों ने विद्यालय स्टाफ को बधाइयां दी हैं। विद्यालय स्टाफ भी छात्रों के बेहतर प्रदर्शन से उत्साहित है। राउप्रावि के प्रधानाचार्य प्रेम लाल तैरवान ने बताया कि विद्यालय के कक्षा आठ के 15 छात्रों ने इस परीक्षा के लिए तैयारी की थी। जिसमें आठ छात्रों ने राष्ट्रीय प्रतिभा छात्रवृति परीक्षा में सफलता हासिल की। भले ही विद्यालय स्टाफ को 10 बच्चों के सफल होने की उम्मीद थी। प्रधानाचार्य ने बताया कि लगातार तीन सालों से विद्यालय के बच्चे इस परीक्षा में सफल हो रहे हैं।

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र विदित खरबन्दा (VIDIT KHARBANDA) का जन्म 29-10-2021 को श्याम मदर चाइल्ड केयर सेन्टर कोटद्वार में हुआ। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में भूलवश नाम SPARSH KHARBANDA दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम विदित खरबन्दा (VIDIT KHARBANDA) है।

अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम विदित खरबन्दा (VIDIT KHARBANDA) दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

रूचि खरबन्दा पत्नी श्री अनुज खरबन्दा निवासी गुरूनानक वैडिंग प्वाइंट गली, नजीबाबाद रोड, काशीरामपुर मल्ला, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

(0873/25)

# डीएम ने बैंकों को दिए जरूरी निर्देश

चमोली। चमोली जिले में बैंकों का ध्यान लोगों की जमा पूंजी पर अधिक और ऋण देने में कम है। अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले में संचालित 18 बैंकों में से 11 बैंकों का सीडी रैश्यो ( ऋण जमा ) मानक 40 प्रतिशत से कम है। एक प्रकार से बैंक पूंजी जमा करने के केंद्र बने हैं। जमा पूंजी और लाभ पर ध्यान है। ऋण देने की उदारता और नियम मानक पर कम है। हाल में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समन्वय समिति की बैठक में यह आंकड़ा सामने आया। जिला अधिकारी हिमांशु खुराना ने डीएलआरसी की बैठक में कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेश्यो अनुपात कम है वो इसमें सुधार करें। लीड बैंक अधिकारी जीएस रावत ने बताया दिसंबर 2022 तिमाही में जिले के बैंकों का ऋण जमा अनुपात ( सीडी रेश्यो ) 28.30 रहा। जो सितंबर तिमाही से 0.57 प्रतिशत रहा । सरकार ने स्वरोजगार , स्ट्राट अप जैसी तमाम योजनाएं बैंकों के माध्यम से लांच की हैं। मगर हकीकत यह है कि अधिकांश मामलों में बैंक आवेदकों को विभिन्न औपचारिकताओं के लिए घुमाता है ।

## सहायक अभियन्ता कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, श्रीनगर गढ़वाल

फोन/फैक्स नं0-01346-252191, ई-मेल - eepwdsrinagar@rediffmail.com, eepwdsrinagar2013@gmail.com

पत्रांक 12/2 एम0जी0 दिनांक- 16/2/23

### 'अति अल्पकालीन निविदा सूचना'

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0 श्रीनगर द्वारा निम्नलिखित कार्यों की सील्ड निविदा दिनांक 24.02.2023 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 18.02.2023 से दिनांक 23.02.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 24.02.2023 अपरान्ह 3.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते है।
1- कार्यालय अधीक्षण अभियंता, 12वॉं वृत्त, लो0नि0वि0 पौड़ी, 2- कार्यालय अधिशासी अभियंता, नि0ख0 लो0नि0वि0 श्रीनगर।
3- कार्यालय अधिशासी अभियंता, नि0ख0 लो0नि0वि0 पौड़ी, 4- कार्यालय अधिशासी अभियंता, अ0ख0 लो0नि0वि0 कीर्तिनगर।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0) | निविदा प्रपत्रों का मूल्य (रू0) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | श्रेणी ठेकेदार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2022-23 में दैवीय आपदा के अन्तर्गत कठूली -सिंगोरी मोटर मार्ग के कि0मी0 01 में भवन की सुरक्षा हेतु दीवार का निर्माण कार्य। | Rs.4000.00 | 500.00+ 18% GST | 45 दिन | 1 माह | डी0 या उच्चतर श्रेणी मार्ग निर्माण |

निविदा दिनांक 25.02.20223 को अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
श्रीनगर गढ़वाल

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

नं. 74-W/2/3/WA/Publication Date: 16.02.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता/समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बंद होने की तिथि 14.03.2023 है। निम्न टेंडर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या दिनांक | 310-DRM-MB-22-23 15.02.2023 | 311-DRM-MB-22-23 15.02.2023 | 312-DRM-MB-22-23 15.02.2023 | 313-DRM-MB-22-23 15.02.2023 | 314-DRM-MB-22-23 15.02.2023 | 315-DRM-MB-22-23 15.02.2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Updating, reconciling and computerisation of Land Plans for OGS School areas in the section of SSE/W/JP under ADEN/HW. | Provision of Guard Rail in Tunnel T-1 (Length 200 Metre) and T-2 (Length 280 Metre) in HW-MOTC section in jurisdiction of SSE/P.way/DDN under ADEN/HW. | Provision of 02 Room for driver lobby at Dehradun station under SSE/W/DDN under ADEN/HW. | Heavy repair and replacement of the existing faulty hand pumps in the section of SSE/W/RK under ADEN/RK. | Heavy repair of road surface of L-xing in the section of ADEN/RK. | Heavy repair of road surface of L-xing in the section of ADEN/HW. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 14.03.2023 16.00 | 14.03.2023 16.00 | 14.03.2023 16.00 | 14.03.2023 16.00 | 14.03.2023 16.00 | 14.03.2023 16.00 |
| अनुमानित लागत | 842094.90 | 2999924.24 | 1058306.12 | 5999931.82 | 5499708.93 | 5499818.94 |
| धरोहर राशि | 16900.00 | 60000.00 | 21200.00 | 120000.00 | 110000.00 | 110000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 28.02.2023 | 28.02.2023 | 28.02.2023 | 28.02.2023 | 28.02.2023 | 28.02.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 3 माह | 6 माह | 6 माह | 6 माह | 6 माह | 6 माह |

499/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

निविदा सूचना सं. Elect/TRD/MB/2022-23/TN-13 दिनांक : 16.02.2023

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-14-TRD-MB-22-23-I |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल में ओवरहेड ट्रांसमिशन लाइनों को अंडरग्राउंड केबल से बदलने का कार्य चरण–1 |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 13.03.2023 at 15.00 hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | रू. 66,00,076.60/– (18% GST सहित) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (रू) | रू. 1,32,000/– |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (रू) | शून्य |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 45 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 9 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

514/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### ई–नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन के आबंटन हेतु ई–बोली आमंत्रित की गयी है, जिसकी बोलिया दिनांक 03.03.202023 को www.ireps.gov.in पर भुरू होगी। इसके लिए विस्तृत नियम एवं शर्ते वेबसाइट पर ही उपलब्ध

| केटेगरी | कैटलोग संख्या | एसेट डिटेल | ई-बोली की आरम्भ तिथि | ई-बोली की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| Advertising | 22-MB-NFR-16 | 14x8 sq-ft LED के माध्यम से लक्सर, नजीबाबाद, शाहजहाँपुर, चौन्दौसी, रामपुर, हरदोई, रायवाला, अमरोहा, ऋशिकेश, मुरादाबाद, बरेली, हरिद्वार, देहरादून और ज्वालापुर रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन | 03.03.2023 10:00:00 | 03.03.2023 13:40:00 |
| | | 32", 40",50" LED के माध्यम से रामपुर, शाहजहाँपुर, हरदोई & चौन्दौसी पर विज्ञापन हेतु | | |
| | | 360 डिग्री LED के माध्यम बरेली एवं मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन हेतु | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 488/23

## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई–टेंडर निम्न टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या/दिनांक | 289-DRM-MB-22-23 Date: 15.02.2023 | 282-DRM-MB-22-23 Date: 15.02.2023 | 292-DRM-MB-22-23 Date: 13.02.2023 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of filling of Earth Work, Dressing and Fencing for Solar Pannel Plant 400 KW at ZRTI/CH Campus in the section of SSE/W/CH under ADEN/CH. Estt. No. 35/Elect/22-23/MB (Capital) | ZONE 03 (2022-23) for staff qtrs & service buildings in ZRTI/CH under ADEN/CH. | Repair and Strengthening of ROB-1142 A Moradabad City in the State of U.P. under Sr. DEN/HQ/MB (Est. No. 16/2023) |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 09.03.2023 (16:00) | 09.03.2023 (16:00) | 07.03.2023 (16:00) |
| अनुमानित लागत | ₹16,20,290.44 | ₹74,99,995.88 | ₹2,06,61,948.37 |
| धरोहर राशि | ₹32,400.00 | ₹1,50,000.00 | ₹2,53,300.00 |
| टेंडर फार्म की लागत | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 23.02.2023 | 23.02.2023 | 23.02.2023 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 04 Months | 30.08.2023 | 2 Months |

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 15.02.2023 516/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## होली विशेष रेलगाड़ियाँ – 2023

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ियाँ निम्न समय–सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी :–

| विशेष गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | चलने के दिन | चलने की तिथि | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04053 | आनन्द विहार ट. | 23:00 | उधमपुर | 13:10 | सोम, गुरू | 06.03.23 से 09.03.23 तक | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., एवं 3 टियर वाता. | गाज़ियाबाद, मेरठ सिटी, मुज़फ्फरनगर, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, लुधियाना, जलंधर कैंट एवं जम्मू तवी स्टेशन। |
| 04054 | उधमपुर | 21:30 | आनन्द विहार ट. | 11:15 | मंगल, शुक्र | 07.03.23 से 10.03.23 तक | | |
| 04672 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:10 | नई दिल्ली | 06:40 | रविवार | 05.03.23 से 12.03.23 तक | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनॉमी, 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | उधमपुर, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, अम्बाला छावनी, कुरूक्षेत्र जं., करनाल, पानीपत एवं सोनीपत स्टेशन। |
| 04671 | नई दिल्ली | 23:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 12:00 | सोमवार | 06.03.23 से 13.03.23 तक | | |
| 04530 | बठिण्डा | 21:05 | वाराणसी | 17:30 | रवि, बुध | 05.03.23 से 12.03.23 तक | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | रामपुरा फुल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं प्रतापगढ़ स्टेशन। |
| 04529 | वाराणसी | 20:30 | बठिण्डा | 19:10 | सोम, गुरू | 06.03.23 से 13.03.23 तक | | |
| 04052 | आनन्द विहार ट. | 23:00 | वाराणसी | 16:10 | शुक्र, रवि | 03.03.23 से 12.03.23 तक | प्रथम वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान | मुरादाबाद, चन्दौसी जं., लखनऊ एवं प्रतापगढ़ स्टेशन। |
| 04051 | वाराणसी | 18:30 | आनन्द विहार ट. | 13:20 | शनि, सोम | 04.03.23 से 13.03.23 तक | | |
| 04048 | आनन्द विहार ट. | 23:00 | मुज़फ्फरपुर | 21:15 | सोम, बुध | 06.03.23 से 08.03.23 तक | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, चन्दौसी जं., लखनऊ, गोरखपुर, छपरा एवं हाजीपुर स्टेशन। |
| 04047 | मुज़फ्फरपुर | 23:00 | आनन्द विहार ट. | 23:30 | मंगल, गुरू | 07.03.23 से 09.03.23 तक | | |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | गुरूवार | 02.03.23 से 09.03.23 तक | प्रथम वाता.,2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अम्बाला छावनी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन। |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | शुक्रवार | 03.03.23 से 10.03.23 तक | | |
| 04412 | आनन्द विहार ट. | 11:10 | सहरसा | 11:20 | सोम, गुरू | 02.03.23 से 09.03.23 तक | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | हापुर, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जं., देवरीया सदर, सिवान जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन। |
| 04411 | सहरसा | 14:30 | आनन्द विहार ट. | 13:55 | मंगल, शुक्र | 03.03.23 से 10.03.23 तक | | |
| 04060 | आनन्द विहार ट. | 10:30 | जयनगर | 15:15 | मंगल, शुक्र | 03.03.23 से 10.03.23 तक | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., मोकामा, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन। |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनन्द विहार ट. | 19:55 | बुध, शनि | 04.03.23 से 11.03.23 तक | | |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:40 | बरौनी जं. | 02:40 | शुक्रवार | 03.03.23 से 10.03.23 तक | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलीपुत्र एवं हाजीपुर (वाया शाहपुर पटोरी) स्टेशन। |
| 04061 | बरौनी जं. | 04:45 | दिल्ली जं. | 23:35 | शनिवार | 04.03.23 से 11.03.23 तक | | |
| 04064 | आनन्द विहार ट. | 15:30 | जोगबनी | 22:30 | शनिवार | 04.03.23 से 11.03.23 तक | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ, अयोध्या कैंट, शाहगंज जं., आज़मगढ़, मऊ जं., बलिया, छपरा, हाजीपुर जं. (वाया शाहपुर पटोरी), बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया, नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णियाँ जं., अररिया एवं फारबिसगंज स्टेशन। |
| 04063 | जोगबनी | 01:20 | आनन्द विहार ट. | 11:10 | सोमवार | 06.03.23 से 13.03.23 तक | | |
| 04070 | आनन्द विहार ट. | 00:30 | सीतामढ़ी | 21:30 | मंगल, शनि | 04.03.23 से 11.03.23 तक | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर जं., नरकटियागंज एवं रक्सौल स्टेशन। |
| 04069 | सीतामढ़ी | 00:15 | आनन्द विहार ट. | 23:45 | बुध, रवि | 05.03.23 से 12.03.23 तक | | |
| 04068 | नई दिल्ली | 19:25 | दरभंगा | 16:30 | सोम, गुरू | 02.03.23 से 09.03.23 तक | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल एवं सीतामढ़ी स्टेशन। |
| 04067 | दरभंगा | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | मंगल, शुक्र | 03.03.23 से 10.03.23 तक | | |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | शनि, सोम | 04.03.23 एवं 06.03.23 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. एवं दानापुर स्टेशन। |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | दिल्ली जं. | 10:35 | रवि, मंगल | 05.03.23 एवं 07.03.23 | | |
| 03251 | राजगीर | 20:00 | आनन्द विहार ट. | 15:00 | शुक्र, सोम | 10.03.23 से 24.03.23 तक | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | बिहार शरिफ जं., बख्तियारपुर जं., पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन। |
| 03252 | आनन्द विहार ट. | 23:30 | राजगीर | 19:15 | शनि, मंगल | 11.03.23 से 25.03.23 तक | | |
| 05577 | सहरसा | 19:10 | अम्बाला छावनी | 23:15 | शुक्र, मंगल | 10.03.23 से 17.03.23 तक | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | सिमरी बख्तियारपुर, मानसी जं., खगड़िया, हसनपुर रोड, समस्तीपुर, दरभंगा, कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल (वाया सिकटा), नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर, सीतापुर, मुरादाबाद एवं सहारनपुर स्टेशन। |
| 05578 | अम्बाला छावनी | 03:40 | सहरसा | 09:45 | रवि, गुरू | 12.03.23 से 19.03.23 तक | | |
| 05269 | मुज़फ्फरपुर | 20:10 | वलसाड | 12:30 | गुरूवार | 09.03.23 एवं 16.03.23 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | हाजीपुर, छपरा, सीवान, गोरखपुर जं., गोंडा जं., लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, इटावा, शमशाबाद टाउन, आगरा कैंट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, कोटा, रतलाम जं., वडोदरा जं., भरूच जं. एवं सूरत स्टेशन। |
| 05270 | वलसाड | 13:45 | मुज़फ्फरपुर | 02:30 | रविवार | 12.03.23 एवं 19.03.23 | | |

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सम्पादकीय

# कांग्रेस और भाजपा के लक्ष्य का फर्क

वैसे तो कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच कई मामलों में बड़ा फर्क है लेकिन जब चुनाव की बात आती है तो लक्ष्य तय करने के मामले में दोनों में जमीन आसमान का अंतर दिखता है। कांग्रेस कभी भी बहुत बड़ा या महत्वाकांक्षी लक्ष्य नहीं तय करती है, जबकि भाजपा हमेशा बड़ा लक्ष्य तय करती है। कई बार उसे हासिल भी कर लेती है। लेकिन ऐसा नहीं है कि लक्ष्य हासिल नहीं हुआ तो उससे हतोत्साहित होकर पार्टी ने अगली बार लक्ष्य छोटा कर दिया। अगली बार उससे भी बड़ा लक्ष्य रखा जाता है। मिसाल के तौर पर भाजपा ने अगले लोकसभा चुनाव में चार सौ सीट जीतने का लक्ष्य रखा है, जबकि कांग्रेस का लक्ष्य अपनी सीटों को दोगुना करने भर का है। भाजपा ने मिशन चार सौ के लिए काम भी शुरू कर दिया है। अपनी जीती हुई 303 लोकसभा सीटों के अलावा पार्टी ने 160 और सीटों की पहचान की है, जहां वह पिछली बार दूसरे या तीसरे नंबर पर रही थी या उस समय की उसकी सहयोगी पार्टी ने वह सीट जीती थी। इन 160 सीटों पर पार्टी ने केंद्रीय मंत्रियों की जिम्मेदारी लगाई है। हर मंत्री के जिम्मे तीन या चार सीटें हैं। इसके अलावा इन सीटों पर राज्यसभा के सांसदों को खासतौर से जिम्मा दिया गया है। साथ ही पार्टी ने एक लाख कमजोर बूथ की पहचान की है, जहां अलग से काम हो रहा है। बूथ मजबूत करने के लिए पन्ना प्रमुख बढ़ाए जा रहे हैं। अब मतदाता सूची के हर पन्ने के लिए दो प्रमुख नियुक्त करने की चर्चा है। ध्यान रहे भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 273 सीट जीतने का लक्ष्य रखा था। उस समय तक भाजपा को पहले कभी पूर्ण बहुमत नहीं हासिल हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 1998 और 1999 में पार्टी को अधिकतम 183 सीटें मिली थीं। इसलिए 273 का लक्ष्य बहुत बड़ा था, जिसे पार्टी ने हासिल कर लिया। उसे 2014 में 284 सीटें मिलीं। इसके बाद 2019 के चुनाव में लक्ष्य बढ़ा कर तीन सौ सीट का कर दिया गया। सारी पार्टियां और राजनीतिक जानकार इसका मजाक उड़ा रहे थे क्योंकि उनको लग रहा था कि इस बार भाजपा की सीटें घटेंगी पर उसने 303 सीटें जीत लीं। इस बार उसने चार सौ सीटों का लक्ष्य रखा है और उसे हासिल करने का प्रयास शुरू कर दिया है। दूसरी ओर कांग्रेस व अन्य प्रादेशिक पार्टियों का लक्ष्य बहुत छोटा है। कांग्रेस का लक्ष्य अपनी मौजूदा सीटों की संख्या को दोगुन करने का है। अभी उसके पास 52 सीटें हैं और पार्टी के नेताओं का मानना है कि वे बहुत खुश हो जाएंगे, अगर सीटों की संख्या एक सौ पार कर जाए। यानी तीन अंक में पहुंच जाए। इसी को ध्यान में रख कर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा हुई है। कांग्रेस की यात्रा जिन 14 राज्यों से गुजरी है उन राज्यों में भाजपा को अपनी सीटें बचानी हैं या बढ़ानी हैं। उसकी मिली ज्यादातर सीटें उन्हीं राज्यों में हैं। अन्य विपक्षी पार्टियों का लक्ष्य तो और भी छोटा है। वे अपने जीतने की बजाय इस प्रयास में लगे हैं कि भाजपा की 50-60 सीटें कम कर देनी हैं ताकि उसको बहुमत न मिले।

# प्रधानमंत्री के तेवर के मायने

**राहुल गांधी और विपक्ष के नेता कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने अडाणी पर क्यों नहीं बोला? कोई भी बुद्धिमान प्रधानमंत्री ऐसा नहीं करेगा। हिंडनबर्ग रिपोर्ट एक कंपनी पर है, भारत की सरकार पर नहीं।प्रधानमंत्री ने विपक्ष द्वारा घेरने पर रक्षात्मक होने की बजाय आक्रामक होकर सही रणनीति अपनाई है। उन्होंने यूपीए शासनकाल को आतंकवादी हमलों, घोटालों और आर्थिक गिरावट का काल बताकर संदेश दिया कि उनका काल उससे बिल्कुल अलग है। जब राज्य सभा में मोदी ने दोनों हाथ उठाकर कहा कि लोग देख रहे हैं कि एक अकेला सब पर भारी तो साफ हो गया कि वह देश को यही संदेश दे रहे हैं कि सब मिलकर उन पर हमले करते हैं, लेकिन उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। एक बड़ा वर्ग मोदी को अपने हीरो के रूप में देखता है तो उसके पीटे इसी भावना की भूमिका है।**



**अवधेश कुमार**

संसद यानी लोक सभा और राज्य सभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिया गया उत्तर निस्संदेह कांग्रेस, कई विपक्षी पार्टियों और नेताओं को रास नहीं आया है।

राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट का नाम लेकर लोक सभा में भाषण इस आरोप पर केंद्रित कर दिया कि गौतम अदानी का कारोबार विस्तार केवल प्रधानमंत्री मोदी के कारण हुआ है। प्रधानमंत्री ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट, अदानी आदि को स्पर्श नहीं किया और राहुल गांधी या किसी नेता का नाम भी नहीं लिया। बिना नाम लिये उन्होंने जिस तरह व्यंग्य और कटाक्ष किए राजनीति के वर्तमान विमर्श में वह लुप्तप्राय है।

मोदी के भाषण में एक साथ राष्ट्रपति के अभिभाषण से संबंधित तथ्यों का विश्लेषण, सरकार के प्रदर्शन संबंधी विपक्ष के आरोपों का वस्तुनिष्ठ उत्तर तथा भारत के लोगों एवं विश्व को यह आश्वासन था कि सरकार देश को सही दिशा में ले जा रही है। जब विरोध में नकारात्मक और निराशाजनक तस्वीरें पेश की जा रही हो तो प्रधानमंत्री का दायित्व होता है कि वह आशाजनक सच्चाईयों को रखे एवं लोगों के अंदर पैदा हुए आत्मविश्वास को सुदृढ़ करें। संपूर्ण विश्व में भारत के प्रति सकारात्मक धारणा एवं कायम हुई उम्मीदों को बनाए रखने का संदेश देना भी प्रधानमंत्री का दायित्व है। प्रधानमंत्री के भाषण में ये सारे तत्व एक साथ मौजूद रहे। स्वाभाविक ही इसमें विपक्ष को कमजोर,अदूरदर्शी, निराश एवं नकारात्मक विचारों से भरा हुआ साबित करना ही था। लोक सभा में विपक्ष के बारे में उन्होंने काका हाथरसी की यह पंक्ति बोली-आगा पीछा देखकर क्यों होते गमगीन, जैसी जिसकी भावना वैसा दिखे सीन। साफ दिख रहा था कि वे बोल रहे हैं संसद में लेकिन देश और दुनिया में अपने सुनने वालों को संबोधित कर रहे हैं।

काका हाथरसी की पंक्ति से उन्होंने यह साबित करने की कोशिश की कि भारत हर दृष्टि से उन्नति के रास्ते पर है, लेकिन अनेक विपक्षी नेता अपनी नकारात्मक भावना में इसे देख नहीं पाते या देख कर भी कई कारणों से गलतबयानी करते हैं। उनकी इन पंक्तियों को देखिए हर स्तर पर, हर क्षेत्र में, हर सोच में आशा ही आशा नजर आ रही है। एक विश्वास से भरा हुआ देश है। सपने और संकल्प वाला देश है, लेकिन यहां कुछ लोग ऐसी निराशा में डूबे हैं। समय सिद्ध कर रहा है कि जो यहां (सत्ता में) बैठते थे, वो वहां (विपक्ष में) जाने के बाद भी फेल हो गए। देश पास होता जा रहा है डिस्टिंक्शन पर।

भारत को संभावनाओं वाला देश बताते हुए उन्होंने कुछ उदाहरण दिया भारत सप्लाई चेन के मामले में आगे बढ़ गया है, मैन्यूफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित हो रहा है, दुनिया भारत की समृद्धि में अपनी समृद्धि देख रही है, पिछले नौ वर्ष में भारत में 90 हजार स्टार्टअप आए हैं। आज स्टार्टअप के मामले में हम दुनिया में तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। भारत दुनिया में मोबाइल बनाने में दूसरा बड़ा देश बन गया है और हम निर्यात कर रहे हैं। घरेलू विमान यात्रियों के मामले में हम दुनिया में तीसरे नंबर पर हैं। दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाया गया। यह देश है जो एक सेकेंड एक हिस्से में हजारों करोड़ रुपये ट्रांसफर कर देता है। एक समय था, जब देश छोटी तकनीक के लिए भी तरसता था। आज देश आगे बढ़ रहा है।

कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री ने एकपक्षीय तस्वीर पेश की। संसद में प्रधानमंत्री तथ्यहीन बातें नहीं रख सकते। तो जो कुछ उन्होंने कहा वो तथ्य आधारित हैं। विपक्ष की समस्या यह है कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद सरकार के विरु द्ध अपनी भावनाओं के अनुरूप राष्ट्रपति अभिभाषण का खंडन करने की आवश्यकता ही नहीं समझी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें अच्छा लगा कि विपक्ष ने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण से अपनी असहमति प्रकट नहीं की। इस संबंध में उन्होंने राष्ट्रपति की चार पंक्तियों का उल्लेख किया।

एकय जो भारत कभी अपनी अधिकांश समस्याओं के समाधान के लिए दूसरों पर निर्भर था, वही आज दुनिया की समस्याओं के समाधान का माध्यम बन रहा है। दोय जिन मूल सुविधाओं के लिए देश की बड़ी आबादी ने दशकों तक इंतजार किया, वह इन वर्षो में उसे मिली है। तीनय बड़े-बड़े घोटालों, सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार की जिन समस्याओं से देश मुक्ति चाहता था, वह मुक्ति देश को अब मिल रही है। चारय पलिसी पैरेलिसिस की चर्चा से बाहर आकर देश की पहचान तेज विकास और दूरगामी दृष्टि से लिए गए फैसलों से हो रही है। जरा सोचिए, विपक्ष के नेता या स्वयं राहुल गांधी ने अपने भाषण में इनका खंडन कर दिया होता तो प्रधानमंत्री को इस तरह उन पर व्यंग्य करने का आधार नहीं मिलता।

प्रधानमंत्री ने यह संदेश देने की कोशिश की कि पराजय से हताश विपक्ष विशेषकर कांग्रेस और उसके प्रथम परिवार को आम जनता की मनोस्थिति का आभास नहीं है। इसलिए आशाजनक तस्वीरों की जगह ऐसे बयान दे रहा है जिनसे जनता अप्रभावित है। अपनी आक्रामक शैली में उन्होंने कहा भी कि हमारा सुरक्षा कवच 140 करोड़ जनता है जिनका उन पर विश्वास है। कांग्रेस पर व्यंग्य करते हुए उन्होंने कहा कि हार्वर्ड के क्रेज वाले लोगों को पता होगा कि वहां-द राइज एंड डिक्लाइन अफ इंडियाज कांग्रेस पार्टी पर अच्छा रिसर्च हुआ और मुझे विश्वास है कि भविष्य में कांग्रेस की बर्बादी पर हार्वर्ड नहीं, बड़े-बड़े विविद्यालयों में अध्ययन होना ही होना है और कांग्रेस को डुबाने वाले लोगों पर भी अध्ययन होने वाला है। राहुल गांधी और उनके परिवार पर इससे बड़ा कटाक्ष और आक्रमण नहीं हो सकता। इसका जवाब देना पार्टी के लिए संभव नहीं है। राहुल गांधी और विपक्ष के नेता कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने अडाणी पर क्यों नहीं बोला? कोई भी बुद्धिमान प्रधानमंत्री ऐसा नहीं करेगा। हिंडनबर्ग रिपोर्ट एक कंपनी पर है, भारत की सरकार पर नहीं।प्रधानमंत्री ने विपक्ष द्वारा घेरने पर रक्षात्मक होने की बजाय आक्रामक होकर सही रणनीति अपनाई है। उन्होंने यूपीए शासनकाल को आतंकवादी हमलों, घोटालों और आर्थिक गिरावट का काल बताकर संदेश दिया कि उनका काल उससे बिल्कुल अलग है। जब राज्य सभा में मोदी ने दोनों हाथ उठाकर कहा कि लोग देख रहे हैं कि एक अकेला सब पर भारी तो साफ हो गया कि वह देश को यही संदेश दे रहे हैं कि सब मिलकर उन पर हमले करते हैं, लेकिन उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। एक बड़ा वर्ग मोदी को अपने हीरो के रूप में देखता है तो उसके पीटे इसी भावना की भूमिका है।

# खडगे विपक्ष को एकजुट कर रहे हैं



**संसद के बजट सत्र के पहले चरण में एक बार फिर प्रमाणित हुआ है कि खडगे विपक्ष को एकजुट करने में कामयाब हैं। बजट पेश होने के बाद से ही वे लगातार विपक्षी पार्टियों के साथ बैठक करते रहे और पहले चरण के आखिरी दिन तक विपक्ष की पार्टियों ने उनके चौंबर में बैठ कर अपनी रणनीति बनाई।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को दो पद पर बनाए रखने का कांग्रेस का फैसला सही साबित हुआ है। पार्टी ने एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत का अपवाद खडगे के लिए बनाया। वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और साथ ही राज्यसभा में नेता विपक्ष भी हैं। संसद के बजट सत्र के पहले चरण में एक बार फिर प्रमाणित हुआ है कि खडगे विपक्ष को एकजुट करने में कामयाब हैं। बजट पेश होने के बाद से ही वे लगातार विपक्षी पार्टियों के साथ बैठक करते रहे और पहले चरण के आखिरी दिन तक विपक्ष की पार्टियों ने उनके चौंबर में बैठ कर अपनी रणनीति बनाई। गुलाम नबी आजाद के बाद जब खडगे को नेता बनाया गया था तब से ही वे विपक्ष को बेहतर तरीके से एकजुट कर रहे हैं।

लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद उनका कद और बढ़ा है। वे ज्यादा अथोरिटी के साथ अब विपक्ष की राजनीति कर रहे हैं। उनके प्रयासों का नतीजा है कि उनकी हर बैठक में 15 विपक्षी पार्टियां जमा हुईं। यहां तक कि आम आदमी पार्टी और भारत राष्ट्र समिति के सांसद भी उनकी बैठक में शामिल हुए। अदानी के मसले पर चर्चा में भाग लेने के मसले पर भले आम आदमी पार्टी, भारत राष्ट्र समिति और शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट ने अलग स्टैंड लिया लेकिन सरकार को घेरने, सदन में मुद्दा उठाने और संसद भवन परिसर में प्रदर्शन करने में ये तीनों पार्टियां भी कांग्रेस के साथ रहीं। कांग्रेस के ईर्द-गिर्द विपक्ष की एकजुटता बनने से कांग्रेस की मजबूती का मैसेज बन रहा है। खडगे भी इसका फायदा उठा रहे हैं और उन्होंने सरकार के साथ टकराव बढ़ाया है।

# विरोध की कल्चर और मीडिया



**अजय दीक्षित**

फिल्म पठान का विरोध हुआ तो वह सुपर हिट हुई। रामचरितमानसका विरोध किया गया तो वह पहले से भी अधिक पापूलर हुई। एक तरफ श्पठानश ने पिछले दो सप्ताह में नौ सौ करोड़ रुपये कमाए दूसरी तरफ श्रामचरितमानसश की मांग इतनी बढ़ी कि प्रकाशक गीता प्रेसग् गोरखपुर उसे पूरी तक नहीं कर पा रहा। इन उदाहरणों से सिद्ध होता है कि जिसका विरोध किया जाता हैग् वह और भी पापूलर हो उठता है। पहले जिसका विरोध होता उसे बुरा और अस्वीकार्य माना जाता था। श्विरोधीश को हीनताग्रंथि का माराग् खिसियाया माना जाता। सकारात्मक नायकों का जमाना था। नायक अपने नहींग् दूसरों के लिए जीताद्दमरता। लेकिन जब से समाज में श्एंटी हीरोश यानी खलनायक की स्वीति बढ़ी तब से श्विरोधश में भी वेल्यू देखी जाने लगी । हम मीडिया और पापूलर कल्चर में बने ऐसे कुछ उदाहरणों को देख सकते हैंरू फिल्म पद्मावत का जितना विरोध हुआ ।

पदमावतउतना ही हिट हुई। श्हनुमान चालीसाश का विरोध हुआ तो श्हनुमान चालीसाश हिट हुई। इसी तरह पिछले दिनों एक युवा बाबा का विरोध हुआ तो वे और भी पापूलर हुए। और तो औरग् बाबा राम रहीम का विरोध हुआ तो शुरू में माना गया कि जरूर बाबा की गलती रही होगी। मीडिया ने भी बाबा को खलनायक की तरह पेश किया लेकिन जैसे ही बाबा को जेल से श्परोलश मिला वे फिर दरबार करके और भी हिट होने लगे। ऐसे कई उदाहरण बताते हैं कि विरोध की कल्चर फायदेमंद हो चली है। जिसका जितना विरोध किया जाता हैग् उसे उतनी ही हमदर्दी मिलती है। जिसकी प्रशंसा की जाती हैग् उस पर शक किया जाता है। मानकर चला जाता है कि प्रशंसा प्रायोजित होती हैग् प्रशंसा कराई जाती हैग् खरीदी जाती हैग् उसे श्सच्चाश नहींग् श्झूठाश माना जाता है। इसलिए उस पर यकीन नहीं किया जाता। लेकिन श्विरोधश सच्चा होता है। विरोध करने वाले के पास विरोध का कारण होता है। उसकी श्भावनाएंश अक्सर आहत हो जाती हैं और वो श्विरोधश करने लगता है। भावना भावना को जगाती है। विरोध बढने लगता है। इस तरह से श्विरोधश में ताकत पैदा हो जाती है। श्ताकतश पैदा होते ही उसे हमदर्दी मिलने लगती है। लोग सोचने लगते हैं कि इसके साथ जरूर कुछ ज्यादती हुई है। उसे न्याय मिलना चाहिए। इस संदर्भ में हम श्पठानश की बात करें। पहले उसका विरोध किया गया तो बड़ी खबर बनी। लेकिन जब फिल्म में वांछित संशोधन कर दिए गए तो मामला निपटा मानना चाहिए था लेकिन फिर भी कुछ सिरफिरों ने विरोध जारी रखा जिसे जनता ने नहीं माना। उसने इस तरह के विरोध को श्न्यस्त स्वार्थों द्वारा किया जाता विरोधश माना और पठान हिट हो गई। यद्यपि श्मानसश और श्पठानश में कोई तुलना नहीं हो सकती। कहां मामूली मनोरंजक फिल्म और कहां हिन्दू समाज का श्धर्मग्रंथश जिसे ग्रियर्सन ने श्हिंदुओं की बाइबिलश कहा था। श्मानसश पर विवाद के उठते ही मीडिया उसे दिखाने लगा। मानस का विरोध करने वाले कहते रहे कि इसकी कुछ चौपाइयां आपत्तिजनक हैंग् जातिवादी घृणा फैलाती हैंग् उनको हटा दिया जाना चाहिए लेकिन कुछ के मन में मानस के प्रति इतनी अधिक घृणा रही कि वे उसे जलाते दिखे। एक ओर मानस के असंख्य प्रेमी दूसरी ओर मानस के चंद विरोधी। विरोधियों के इस अंध विरोधश और अंध घृणा को आम जनता ने अस्वीकार कर दिया।

मानस के विरोध ने मानस के प्रति हमदर्दी तो पैदा की ही उसे और भी पापूलर कर दिया। उसके लिए

**मानस का जितना विरोध हुआ उतनी ही उसके प्रति जिज्ञासा बढ़ी । इस तरह उसका सर्कुलेशन भी होने लगा। मानस की ताकत उसके विराट सर्कुलेशन में रही। पांच सौ साल से उत्तर भारत की हिन्दू जनता जिसका नित्यपाठ करती होग् जिसकी अरबों प्रतियां बिक चुकी हों और आगे बिकने वाली होंग् जो हर हिंदू घर में पूज्य पुस्तक के रूप में रखी जाती होग् सुबह रेडियो पर जिसे रोज गाया जाता होग् जिसके नायक राम पर अनेक फिल्म बनी होंग् जिसके आधार पर बना रामानंद सागर का सीरियल रामायण दूरदर्शन पर सुपर हिट रहा हो जिसके नायक राम को भगवान का अवतार माना जाता हो।**

एक नया मारकेट खड़ा कर दिया जिसकी मांग की आपूर्ति करना तक मुश्किल हो रहा है। मानस का जितना विरोध हुआ उतनी ही उसके प्रति जिज्ञासा बढ़ी । इस तरह उसका सर्कुलेशन भी होने लगा। मानस की ताकत उसके विराट सर्कुलेशन में रही। पांच सौ साल से उत्तर भारत की हिन्दू जनता जिसका नित्यपाठ करती होग् जिसकी अरबों प्रतियां बिक चुकी हों और आगे बिकने वाली होंग् जो हर हिंदू घर में पूज्य पुस्तक के रूप में रखी जाती होग् सुबह रेडियो पर जिसे रोज गाया जाता होग् जिसके नायक राम पर अनेक फिल्म बनी होंग् जिसके आधार पर बना रामानंद सागर का सीरियल रामायण दूरदर्शन पर सुपर हिट रहा हो जिसके नायक राम को भगवान का अवतार माना जाता होग् उसका विरोध मानस को और भी पापूलर बना गया। विरोध की कल्चर इसी तरह श्पापूलर क्षेत्रश बनाती है ।

# यूवुला की सूजनः जानिए इसके कारण, लक्षण और घरेलू नुस्खे



गले में कुछ फंस जाने का लगातार अहसास हमेशा गले में खराश का संकेत नहीं हो सकता है। ऐसा यूवुला में सूजन के कारण भी हो सकता है। यूवुला मुंह के पीछे की ओर जीभ आखिर में लटकता मांस का टुकड़ा होता है, जिसमें सूजन आने से गले में कई तरह दिक्कत हो सकती है। आइए आज हम आपको यूवुला में सूजन के कारण, लक्षण और बचाव के तरीके बताते हैं।

क्या है यूवुला में सूजन आने के कारण?

कटे होंठ या तालू जैसे जन्मजात विकारों के कारण यूवुला बड़ा हो सकता है या अपनी जगह से हट सकता है। कुछ एलर्जी के कारण गले या मुंह में तरल पदार्थ जमा हो सकता है, जिससे यूवुला में सूजन हो सकती है। शुष्क मुंह, धूम्रपान, बहुत अधिक शराब पीना, गले या यूवुला में चोट और कमजोर इम्यूनिटी भी यूवुला में सूजन का कारण बन सकता है।

यूवुला में सूजन से जुड़े लक्षण

गले में कुछ फंसा हुआ महसूस होना, निगलने में कठिनाई, सांस लेने में मुश्किल, गले में खुजली या जलन महसूस होना यूवुला में सूजन के मुख्य लक्षण हैं। गले में खराश, टन्सिल की सूजन, मुंह में लार का अत्यधिक स्त्राव, बुखार और गले में दर्द भी इस समस्या से जुड़े लक्षण हैं। अगर आपको खुद में इनमे से कोई लक्षण नजर आए है तो तुरंत डक्टर से सलाह लेकर इसका उपचार कराएं।

कैसे लगाएं यूवुला में सूजन का पता?

यूवुला में सूजन किसी संक्रमण या स्थिति का परिणाम हो सकता है। इसका पता लगाने के लिए डक्टर से संपर्क करें। वह आपसे लक्षणों, आपकी मेडिकल हिस्ट्री और ली जा रही दवाइयों के बारे में पूछ सकते हैं। इसके अलावा वह आपको स्वैब टेस्ट कराने की सलाह दे सकते हैं या फिर ब्लड टेस्ट भी इसका पता लगा सकते हैं। ये टेस्ट यूवुला में सूजन के कारण का पता लगाने में मदद कर सकते हैं।

**खूब सारे तरल पदार्थ पीकर खुद को हाइड्रेटेड रखें और गर्म हर्बल चाय पिएं। वहीं किसी संक्रमण से जूझने के दौरान अपने शरीर को तेजी से ठीक करने के लिए पर्याप्त आराम करें। इसी तरह शराब का सेवन सीमित करें और धूम्रपान छोड़ दें। जहरीले वातावरण से भी दूर रहें और जिन खाद्य पदार्थों से आपको एलर्जी है उनसे दूर रहें।**

यूवुला में सूजन से बचाव के उपाय

खूब सारे तरल पदार्थ पीकर खुद को हाइड्रेटेड रखें और गर्म हर्बल चाय पिएं। वहीं किसी संक्रमण से जूझने के दौरान अपने शरीर को तेजी से ठीक करने के लिए पर्याप्त आराम करें। इसी तरह शराब का सेवन सीमित करें और धूम्रपान छोड़ दें। जहरीले वातावरण से भी दूर रहें और जिन खाद्य पदार्थों से आपको एलर्जी है उनसे दूर रहें। घरेलू नुस्खों के तौर पर नमक के गर्म पानी से गरारे करें।

# क्या साबुन से सिर धोना सुरक्षित है ?



शैंपू स्कैल्प और बालों को साफ करने और बालों का झडना रोक सकता है। हालांकि, जब तक शैंपू का आविष्कार नहीं हुआ था तब तक साबुन से सिर धोना एक आम बात थी। अभी तक कई लोग साबुन का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या साबुन बालों को नुकसान पहुंचा सकता है? या सस्ता और सुरक्षित शैम्पू एक अच्छा विकल्प है? आइए जानते हैं सिर के लिए साबुन कितना सुरक्षित है।

साबुन से होने वाले नुकसान

साबुन से सिर धोना सुरक्षित नहीं है क्योंकि इसे त्वचा के पीएच स्तर को ध्यान में रखते हुए बनाए जाते हैं और स्कैल्प का पीएच अलग होता है, जिसके कारण बालों से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। इससे बालों का उलझना ज्यादा हो सकता है। इसके अतिरिक्त, साबुन में शैंपू की तरह स्कैल्प और बालों को कंडीशनिंग करने के गुण नहीं होते हैं। नतीजन, बाल रूखे हो सकते हैं और उनके टूटने की संभावना भी बढ़ जाती है।

साबुन में होती हैं ये सामग्रियां

पशु वसा या वनस्पति तेल जैसे नारियल और जैतून का तेल। हालांकि, कैस्टाइल साबुन पशु वसा और सिंथेटिक सामग्री से मुक्त होते हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें लाइ या सोडियम हाइड्रक्साइड या पोटैशियम हाइड्रक्साइड, पानी, प्रिजर्वेटिव, आर्टिफिशियल रंग और आर्टिफिशियल सुंगध होती है, जो बालों के साथ-साथ त्वचा के लिए भी सही नहीं है। हालांकि, कुछ ऐसे साबुन भी होते हैं, जिनका इस्तेमाल आप बालों पर कर सकते हैं।

सिर धोने के लिए किन साबुन का किया जा सकता है इस्तेमाल?

आजकल मार्केट में कई ऐसे साबुन भी मौजूद हैं, जिन्हें बालों की सफाई के लिए ही बनाया गया है। ये स्कैल्प के खुरदरेपन को कम करने में मदद कर सकते हैं। उदाहरण के लिए रीठा, आंवला और शिकाकाई जैसी सामग्रियों से युक्त साबुन का इस्तेमाल सभी प्रकार के बालों को धोने के लिए किया जा सकता है। ये साबुन मइस्चराइजिंग अवयवों से भरे होते हैं और नियमित शैंपू की तरह बालों की प्रातिक नमी को नहीं छीनते हैं।

साबुन की जगह शैंपू का ही करें इस्तेमाल

अगर आपकी आसपास शैंपू आसानी से उपलब्ध है तो साबुन की जगह शैंपू ही खरीदें क्योंकि इन्हें स्कैल्प और बालों की जरूरत के हिसाब से अलग-अलग बनाया जाता है। हालांकि, अगर आपको नहीं पता कि किस तरह के शैंपू का इस्तेमाल करना सही है तो हर्बल शैंपू आपके लिए सही रहेगा। यह बालों के विकास को बढ़ावा देगा, डैंड्रफ को कम करेगा और बालों के झडने को रोकने सहित बालों में चमक लाने में मदद कर सकता है।

# फिर संसद का क्या मतलब ?

विपक्षी नेताओं के मन में यह बात क्यों गहराती जा रही है कि पीठासीन अधिकारियों के भेदभाव वाले व्यवहार के कारण संसद की सरकार की निगरानी और जवाबदेही तय करने की संवैधानिक भूमिका कमजोर होती जा रही है?

संसद के मौजूदा सत्र में दोनों सदनों के पीठासीन अधिकारियों को लेकर विपक्ष में जो रोष नजर आ रहा है, उस पर गंभीरता से चर्चा किए जाने की जरूरत है। खासकर जिस तरह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के दौरान विपक्ष के नेताओं के भाषणों के कई हिस्सों को कार्यवाही से निकाला गया, उसका तर्क समझना लोगों को मुश्किल हो रहा है। अभी इस बात पर चर्चा चल रही थी कि राहुल गांधी को नोटिस जारी होने की खबर आई। दो सांसदों ने स्पीकर से शिकायत की की गौतम अडानी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिश्तों का जिक्र कर राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री का अपमान किया है। अब राहुल गांधी को बुधवार तक इस बारे में स्पष्टीकरण देने को कहा गया है कि उनके खिलाफ विशेषाधिकार की कार्यवाही क्यों नहीं चलाई जानी चाहिए। इस बीत तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा बार-बार यह शिकायत जता रही हैं कि भाजपा ने अलग-अलग विपक्षी नेताओं के लिए अपने अलग-अलग सांसदों की ड्यूटी तय कर रखी है, जो उनके भाषणों के दौरान लगातार व्यवधान पैदा करते रहते हैं।

स्पीकर इस पर विपक्षी नेताओं को अपेक्षित संरक्षण देने में विफल रहते हैं। उधर राज्यसभा में सभापति पर विपक्ष का आरोप है कि वे खुद विपक्षी नेताओं के भाषणों से लगातार टीका-टिप्पणी करते रहते हैं। साथ ही सत्ता पक्ष की मंशा के मुताबिक निर्णय लेते हैं। जाहिर है, ये सभी बेहद गंभीर आरोप हैं। प्रश्न यह है कि विपक्षी नेताओं के मन में यह बात क्यों गहराती जा रही है ।

## स्वरा भास्कर ने रचाई गुपचुप शादी, समाजवादी पार्टी के नेता फहाद से की शादी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्वरा भास्कर ने समाजवादी पार्टी के नेता फहाद अहमद के साथ शादी कर ली है। जानकारी के अनुसार स्वरा ने शादी कोर्ट में की। स्वरा अक्सर अपने राजनीति विचारों को लेकर खबरों में रहती है। लोगों ने शादी की खबर जान कप्पल को शादी की मुबारकबाद भी दी।

बता दें, स्वरा ने शादी 6 जनवरी, 2023 को ही कर ली थी। स्वरा ने कुछ समय पहले अपनी और फहाद की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की थी, पर इस तस्वीर में दोनों के ही चेहरे नहीं दिख रहे थे। लेकिन अब स्वरा ने अपनी जनवरी हुई इस शादी का ऐलान कर दिया है।

स्वरा भास्कर के पति फहाद अहमद समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के स्टेट प्रेसिडेंट हैं। दोनों ने 6 जनवरी को स्पेशल मैरेज एक्ट के तहत अपनी शादी रजिस्टर की है।

## मालगाड़ियों की आमने-सामने टक्कर, लखनऊ-वाराणसी मार्ग प्रभावित

**सुल्तानपुर (एजेंसी)।** सुल्तानपुर जंक्शन के पास गुरुवार तड़के दो मालगाडियों की आमने-सामने टक्कर हो गई। मालगाड़ी का चालक घायल हो गया, जबकि छह डिब्बे पटरी से उतर गए।

हादसे के कारण लखनऊ वाराणसी मार्ग बाधित हो गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, सुल्तानपुर जंक्शन के दक्षिणी केबिन के पास एक ही ट्रैक पर दो मालगाडियों के आ जाने से यह हादसा हुआ। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और ट्रैक को साफ करने का काम जारी है। सूत्रों ने बताया कि दोनों मालगाड़ी के इंजन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस घटना के बाद लखनऊ और वाराणसी तथा अयोध्या-प्रयागराज रेल मार्ग बाधित हो गया है।

## वाराणसी जंक्शन पर ट्रेन में महिला ने दिया बच्चे को जन्म

**वाराणसी (एजेंसी)।** फरक्का एक्सप्रेस में यात्रा कर रही एक महिला ने वाराणसी जंक्शन पर कोच में एक बच्चे को जन्म दिया। स्लीपर कोच (एस-3) की बर्थ नंबर 71 पर सफर कर रही 38 वर्षीय महिला यात्री को बुधवार को तेज प्रसव पीड़ा शुरू हुई।

उसने अपने मोबाइल के माध्यम से मदद के लिए अनुरोध करते हुए रेलवे अधिकारियों को अपनी समस्या बताई।

ट्रेन के आने से पहले ही उत्तर पूर्व रेलवे के मंडलीय अस्पताल की मेडिकल टीम वाराणसी जंक्शन पहुंच गई। टीम ने केबिन को खाली कराकर पर्दे से ढक दिया और महिला को आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं के साथ सुरक्षित प्रसव कराया और उसे आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराईं।

## आईपीसी, सीआरपीसी, फरेंसिक और एविडेंस एक्ट में होगा संशोधन: शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को दिल्ली पुलिस की 76वीं स्थापना दिवस परेड में शामिल हुए। अमित शाह ने दिल्ली पुलिस में शामिल हो रहे 6 मोबाइल फरेंसिक गाडियों को भी जनता को समर्पित किया। इस खास मौके पर अमित शाह ने दिल्ली पुलिसकर्मियों को स्थापना दिवस पर बधाई भी दी।

इस मौके पर उन्होंने बड़ा ऐलान किया। अमित शाह ने कहा कि भारतीय दंड संहिता यानी आईपीसी, आपराधिक प्रक्रिया संहिता यानी सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट के कुछ कानूनों में संशोधन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले पुलिस के काम में सेवा का नाम नहीं होता था, लेकीन अब खूब सेवा भाव है।

# अगले दस सालों तक भारत को हर साल 10-12 चीते देगा दक्षिण अफ्रीका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नामीबिया के बाद अब दक्षिण अफ्रीका से भी चीतों का नई खेप आने वाली है। इस मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने साफ किया है कि चीतों को एशियाई शेर और तेंदुओं जैसे वन्यजीवों से कोई खतरा नहीं है बल्कि यह सभी के साथ मिलकर रह सकते है। दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया में भी चीता दोनों के साथ ही रहता है। हालांकि मंत्रालय ने यह टिप्पणी कूनो अभयारण्य में चीतों को तेंदुओं से खतरे को लेकर उठ रहे सवालों पर दी है। बावजूद इसके इस टिप्पणी को भविष्य में यहां एशियाई शेरों के साथ रखने की संभावना से जोड़कर भी देखा जा रहा है। वैसे भी कूनो पालपुर को एशियाई शेरों के लिए ही तैयार किया था।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को पत्रकारों से दक्षिण अफ्रीका से 18 फरवरी को आने वाले चीतों की नई खेप को लेकर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि दक्षिण अफ्रीका के साथ हुए समझौते के तहत अगले दस सालों तक वह हर साल दस से बाहर चीते देने के लिए तैयार है। इस कड़ी में वहां से 12 चीतों का पहली खेप लायी जा रही है। इनमें सात नर और पांच मादा चीता शामिल है। इन सभी को एयरफोर्स के ग्लोब मास्टर विमान से लाया जाएगा। जिन्हें लेने के लिए यह विमान दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हो गया है। इन चीतों को रखने के लिए कूनो पालपुर में दस नए इनक्लोजर ( बाड़े ) तैयार किए गए है। जो नामीबिया से लाए गए चीतों के लिए बनाए गए बाड़ों से काफी हाईटेक और बड़े है।

इस मौके पर चीता प्रोजेक्ट के प्रमुख एस के यादव ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका वैसे तो अगले दस सालों तक हर साल दस से बारह चीतों को देने के लिए तैयार है। बावजूद इसके वैज्ञानिक नजरिए से देखे तो किसी नई प्रजाति के विकास के लिए कम से कम उसकी संख्या 40 होनी चाहिए। ऐसे में हम फिलहाल 40 चीतों को लाने के लिहाज से ही तैयारी कर रहे है। वैसे भी नामीबिया से आठ और अब दक्षिण अफ्रीका से बारह चीतों के आने के बाद देश में चीतों की कुल संख्या बीस हो जाएगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि नामीबिया से लाए आठ चीतों में से एक को छोड़कर बाकी सभी फिट और अब अपना शिकार खुद कर रहे है। एक मादा चीतों को कुछ दिक्कत आयी थी, हालांकि जब उसकी हेल्थ हिस्ट्री तलाशी गई तो पता चला कि यह नामीबिया में भी वह एक बार बीमार हो चुकी है। तब वहां इसका आपरेशन भी किया गया था। फिलहाल वह स्वस्थ है।

कूनो पालपुर में चीतों को काफी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रखा गया है। जहां नाइट विजन कैमरे से लेकर उनके हर पहल के मूवमेंट पर चौबीसों घंटे नजर रखने के लिए एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। शिकारियों से बचाने के उनके बाडों के आसपास खोजी कुत्तों का एक दस्ता भी लगाया गया है। साथ ही सभी चीतों को सेटेलाइट कालर आइडी से भी लैस किया गया है।

विस्तारा एयरलाइन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को पायलटों और केबिन क्रू की सैलरी में बढ़ोतरी की पुष्टि की है। हालांकि उन्होंने इस बात से इंकार कर दिया कि पिछले कुछ दिनों के दौरान करीब 30 पायलटों ने एयरलाइन छोड़ दी है। उ

न्होंने कहा कि कंपनी द्वारा वेतन में बढ़ोतरी का निर्णय सालाना वृद्धि का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कुछ पायलटों ने एयरलाइन में आगे के अवसरों को देखते हुए कंपनी छोड़ने के अपने निर्णय को बदल लिया है। हालांकि अधिकारी ने यह नहीं बताया कि कितने पायलटों ने नौकरी छोड़ दी है या फिर छह महीने की अनिवार्य नोटिस की अवधि को पूरा कर रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि एयरलाइन विस्तारा ने अप्रैल से पायलटों और केबिन क्रू के वेतन में क्रमशः आठ प्रतिशत और छह प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। विस्तारा ने इस संबंध में अपने पायलटों को एक ईमेल भेजा है, जिसमें कहा गया है, ष्जैसे की पहले सूचित किया गया था कि प्रबंधन नियमित आधार पर पायलट वेतन की समीक्षा करना जारी रखे हुए है। एक अप्रैल से पायलटों के सीटीसी में आठ प्रतिशत की वृद्धि आवंटित की जाएगी। इसमें टीएफओ शामिल नहीं है।ष् मालूम हो कि हवाई यात्रा की मांग में लगातार हो रहे वृद्धि के कारण पायलटों की मांग भी बढ़ रही है।

## राजनीति में दखल कैसे दे सकते हैं गवर्नर? सरकार गठन पर राज्यपाल का सलाह देना गलत : सुप्रीम कोर्ट

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे की ओर से सरकार बनाए जाने को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने तत्कालीन गवर्नर के रोल पर सवाल उठाया है। अदालत ने भगत सिंह कोश्यारी को लेकर कहा कि आखिर गवर्नर कैसे राजनीति में दखल दे सकते हैं। वह कैसे राजनीतिक गठबंधन और सरकार गठन को लेकर टिप्पणी कर सकते हैं। अदालत ने यह रिएक्शन गवर्नर की ओर से पेश सलिसिटर जनरल तुषार मेहता के जवाब पर दिया। मेहता ने कहा था, श्आप वोटर के पास एक व्यक्ति के तौर पर ही नहीं जाते बल्कि साझी विचारधारा के नाम पर पहुंचते हैं। मतदाता विचारधारा के नाम पर वोट करते हैं, जिसे पार्टियां प्रोजेक्ट करती हैं। बार ऐंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक तुषार मेहता ने कहा कि हमने हर्स ट्रेडिंग शब्द सुना है। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे ने विपरीत विचारधारा वाले लोगों के साथ मिलकर सरकार बना ली, जो शिवसेना और भाजप के गठबंधन के खिलाफ मैदान में थे। हालांकि इस टिप्पणी को अदालत ने गवर्नर की राजनीतिक सक्रियता के तौर पर लिया। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा, श्आखिर गवर्नर ऐसे मामलों में क्यों बोलता है। वह सरकार के गठन पर कैसे बात कर सकता है। हम सिर्फ इतना कह रहे हैं कि एक राज्यपाल को राजनीतिक मामलों में दखल नहीं देना चाहिए।

फिलहाल अदालत में इस बात पर सुनवाई हो रही है कि शिवसेना से बगावत करके भाजपा संग सरकार बनाने वाले एकनाथ शिंदे समर्थक विधायकों को अयोग्य ठहराया जाना चाहिए या नहीं। इसके अलावा इस बात पर भी विचार किया जा रहा है कि दोनों में से किस गुट को शिवसेना का तीर-धनुष का सिंबल दिया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यह पूरा मसला इसलिए भी खड़ा हुआ क्योंकि उद्धव ठाकरे ने विश्वास मत का सामना ही नहीं किया।गौरतलब है कि अदालत में इस बात पर भी सुनवाई चल रही है कि क्या डिप्टी स्पीकर की ओर से सदस्यों को अयोग्य ठहराने के लिए नोटिस जारी किया जा सकता है या नहीं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति पर शिकंजा, एफबीआई ने दस्तावेज की तलाश में कई ठिकानों पर मारे छापे

**वशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। गुप्त दस्तावेज की खोज में अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई लगातार अलग-अलग ठिकानों पर तलाशी कर रही है। हालांकि, अभी तक कोई खास सफलता मिलती दिख नहीं रही है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक एफबीआई इस बार डेलावेयर विश्वविद्यालय में पहुंचकर दो जगहों पर तलाशी ली है। तलाशी में क्या सब मिला है? इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के डेलावेयर स्थित घर और वशिंगटन के अफिस में अमेरिकी न्याय विभाग ने छापेमारी की थी। बाइडन पर उपराष्ट्रपति रहते हुए गोपनीय फाइलों को अपने निजी घर और दफ्तर में छिपाने का आरोप है।

## साल के अंत तक यमुना का पानी होगा स्वच्छ व निर्मल : दिल्ली जल बोर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बहुत जल्द यमुना का पानी स्वच्छ और निर्मल नजर आएगा। इस बात की जानकारी दिल्ली जल बोर्ड ने ट्विट कर साझा की है। डीजेबी ने अपने ट्वीट में बताया है कि साल के अंत तक यमुना में दिल्ली के नाले का गंदा पानी गिरना बंद हो जाएगा। गौरतलब है कि लंबे अरसे से यमुना में प्रदूषण को लेकर सवाल खड़े होते रहे हैं, लेकिन अब गंदा पानी बहाने वाले सभी नालों को बंद कर दिया जाएगा। इस पानी को अवजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) की ओर मोड़ा जाएगा। दिल्ली सरकार का लक्ष्य दिसंबर 2023 तक यमुना में नालों से गिर रहे गंदे पानी को गिरने से रोकना है। इससे यमुना में प्रदूषण कम करने में मदद भी मिलेगी। इस बारे में दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग के अधिकारियों द्वारा एलजी विनय सक्सेना को प्रजेंटेशन भी दिया जा चुका है।

दिल्ली जल बोर्ड ने बताया कि मोरी गेट नाले के गंदे पानी को यमुना में गिरने से पहले ट्रीट करने के लिए कोरोनेशन पिलर डब्ल्यूडब्ल्यूटीपी का निर्माण किया गया है। इस प्रोजेक्ट के दूसरे चरण के तहत सीवेज पम्पिंग स्टेशन का निर्माण जारी है। यह काम पूरा होने के बाद मोरी गेट नाले का पानी ट्रीट होगा। यह काम इसी साल पूरा होने की संभावना है। इसका सीधा असर यह होगा कि साल 2023 के अंत तक यमुना में नाले का गंदा पानी गिरना बंद हो जाएगा। दिल्ली में 35 एसटीपी की उपचार क्षमता 632 एमजीडी है। अभी ये एसटीपी अपनी स्थापित क्षमता का केवल 69 प्रतिशत उपयोग कर रहे हैं। इसका मतलब 768 एमजीडी सीवरेज में से सिर्फ 530 एमजीडी का उपचार किया जा रहा है। जून 2024 तक स्थापित उपचार क्षमता 632 एमजीडी से बढ़कर 9345 एमजीडी हो जाएगी।

## संविधान पीठ की सुनवाई के बाद रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के मामले पर होगी सुनवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह राज्यसभा के पूर्व विधायक सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार है। दरअसल, इस याचिका में केंद्र द्वारा राम सेतु को राष्ट्रीय विरासत स्मारक घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने भाजपा नेता की दलीलों को ध्यान में रखते हुए अभी तक इस मुद्दे पर कोई निर्णय नहीं लिया है और इसलिए जनहित याचिका को अभी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सीजेआई ने कहा, ष्संविधान पीठ के मामले खत्म होने के बाद हम इसे सूचीबद्ध करेंगे।ष्

इससे पहले सलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने 19 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में बताया था कि केंद्र राम सेतु को राष्ट्रीय विरासत स्मारक घोषित करने से संबंधित मुद्दे पर विचार कर रही है। अदालत ने केंद्र से इस मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए कहा था। पीठ ने कहा, ष्सलिसिटर जनरल का कहना है कि वर्तमान में संस्कृति मंत्रालय में इसको लेकर प्रक्रिया चल रही है। उनका कहना है कि याचिकाकर्ता (स्वामी) अगर चाहें तो इसको लेकर अपना विचार रख सकते हैं।ष्

हालांकि, इसको लेकर स्वामी (याचिकाकर्ता) ने कहा, ष्मैं किसी से नहीं मिलना चाहता, हम एक ही पार्टी में हैं। उन्हें छह सप्ताह या जितना समय लगे, फैसला करने दिया जाए।ष् स्वामी ने कहा था कि 2019 में तत्कालीन संस्कृति मंत्री प्रह्लाद पटेल ने इस मुद्दे पर बैठक बुलाई थी और रामसेतु को राष्ट्रीय विरासत स्मारक घोषित करने की सिफारिश की थी। विधि अधिकारी ने कहा था कि सरकार इस पर गौर कर रही है।

भाजपा नेता ने बताया कि वह मुकदमे का पहला दौर जीत चुके हैं, जिसमें केंद्र ने राम सेतु के अस्तित्व को स्वीकार किया था। स्वामी ने यूपीए-1 सरकार द्वारा शुरू की गई विवादास्पद सेतुसमुद्रम शिप चौनल परियोजना के खिलाफ अपनी जनहित याचिका में रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने का मुद्दा उठाया है।

2007 में मामला शीर्ष अदालत में पहुंचा, तो रामसेतु पर परियोजना को रोक दिया। केंद्र ने बाद में कहा कि उसने परियोजना के सामाजिक-आर्थिक नुकसान पर विचार किया था और राम सेतु को नुकसान पहुंचाए बिना शिपिंग चौनल परियोजना के लिए अन्य मार्ग तलाश करने को तैयार था। मंत्रालय द्वारा दायर हलफनामे में कहा गया है, ष्भारत सरकार राष्ट्र के हित में राम सेतु को प्रभावित को बिना नुकसान पहुचाएं सेतुसमुद्रम शिप चौनल परियोजना के विकल्प का पता लगाने के बारे में विचार कर रही है।

सेतुसमुद्रम शिपिंग चौनल परियोजना को कुछ राजनीतिक दलों, पर्यावरणविदों और हिंदू धार्मिक समूहों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 नवंबर, 2019 को केंद्र को रामसेतु पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया था। इसने स्वामी को केंद्र की प्रतिक्रिया दायर नहीं होने पर अदालत का दरवाजा खटखटाने की स्वतंत्रता भी दी थी।

## सचिन पायलट को सीएम फेस बनाने की फिर उठी मांग



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में एक बार फिर से सत्तारूढ़ कांग्रेस में अंर्तकलह देखने को मिल रही है। श्अशोक गहलोत बनाम सचिन पायलटश् विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच कांग्रेस विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने युवाओं और प्रदेशवासियों का हवाला देते हुए सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की।

कांग्रेस विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने दावा किया कि सचिन पायलट को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने पर कांग्रेस एक बार फिर से सत्ता में आएगी। समाचार एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर सचिन पायलट को नेतृत्व देते हैं तो 100 फीसदी सत्ता रिपीट होगी। जनता अगर ये चाहती है तो होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मैं तो बार-बार कह रहा हूं कि राजस्थान की जनता और युवा चाहती है कि सचिन पायलट अगर कांग्रेस का चेहरा होते तो सरकार दोबारा बन सकती है। मैं सचिन पायलट के साथ हूं, अगर वो नहीं होते तो मैं चुनाव नहीं जीत पाता।

राजस्थान में करीब 9 महीने बाद विधानसभा चुनाव होने वाला है। ऐसे में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने चुनावी तैयारियां को लेकर पूरा खाका तैयार कर लिया है और पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से जनता के पास पहुंचकर सरकार की उपलब्धियां और नीतियां घर-घर पहुंचाने को कहा है, जबकि कांग्रेस के भीतर उथल-पुथल मची हुई है।

राजस्थान में विधानसभा का सत्र समाप्त होने के बाद एक बार फिर से नेतृत्व परिवर्तन को लेकर चर्चा शुरू हो गई। कहा जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आलाकमान कई बदलाव करने की योजना पर विचार कर रहा है। ऐसे में पार्टी प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ बातचीत भी हुई थी।

## कई देशों के आर्थिक संकट के बीच वर्ल्ड बैंक के प्रमुख ने की इस्तीफे की घोषणा

**संयुक्त राष्ट्र , एजेंसी।** डेविड मलपास ने घोषणा की है कि वह जलवायु परिवर्तन नीतियों को लेकर राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन के साथ अनबन के बाद विश्व बैंक के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने पांच साल के कार्यकाल की समाप्ति से दस महीने पहले जून में अंतरराष्ट्रीय विकास संस्थान छोड़ देंगे।

गौरतलब है कि उन्होंने अपनी इस्तीफे की की घोषणा ऐसे समय की है, जब दुनिया भर के कई देश गंभीर वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहे हैं। विश्व बैंक का प्रमुख नियुक्त करना, अमेरिकी राष्ट्रपति का विशेषाधिकार है। बाइडेन मलपास के उत्तराधिकारी की नियुक्ति करेंगे। मलपास पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के करीबी थे, जिन्हें 2019 में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने यंग किम के पद छोडने के बाद इस पद पर नियुक्त किया था।

मलपास ने ट्रम्प के 2016 के चुनाव अभियान में काम किया था और विश्व बैंक में जाने से पहले अंतरराष्ट्रीय मामलों के ट्रेजरी अंडरसेक्रेटरी थे। बाइडेन की तुलना में वैचारिक रूप से ट्रम्प के करीब मलपास ने पिछले साल न्यूयर्क टाइम्स के एक कार्यक्रम में यह मानने से मना कर दिया था कि जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित ग्रीनहाउस गैसों के परिणामस्वरूप हुआ। इस विषय पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, मैं वैज्ञानिक नहीं हूं।

इस पर पूर्व उपराष्ट्रपति अल गोर समेत कई अन्य लोगों ने उनकी आलोचना की थी।

लेकिन कुछ दिनों बाद मलपास ने यू टर्न लेते हुए विश्व बैंक के कर्मचारियों को लिखा, यह स्पष्ट है कि मानव गतिविधियों से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है।

तेल और गैस परियोजनाओं को वित्तीय मदद जारी रखने के लिए विश्व बैंक की आलोचना की गई। पद छोडने के अपने फैसले की घोषणा करते हुए मलपास ने कहा, विकासशील देशों में अभूतपूर्व संकट का सामना करने के साथ, मुझे गर्व है कि बैंक ने प्रभावशाली ढंग से संकटों का सामना किया। बैंक ने कहा कि मालपास के नेतृत्व में बैंक ने वैश्विक संकटों का तेजी से सामना किया, कोविड-19 महामारी, यूक्रेन में युद्ध, तेज वैश्विक आर्थिक मंदी, अस्थिर ा ण बोझ, जलवायु परिवर्तन और भोजन, उर्वरक के लिए 440 बिलियन डलर जुटाया।

इसके पहले मलपास ने रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों रोनाल्ड रीगन और जर्ज एचडब्ल्यू बुश के साथ भी काम किया। 1993 में वे निवेश कंपनी बेयर स्टर्न्स के मुख्य अर्थशास्त्री बने, जो 2008 के वित्तीय संकट में ढह गई। इसके बाद उन्होंने अपनी खुद की आर्थिक सलाहकार फर्म की स्थापना की और सीनेट चुनाव में रिपब्लिकन नामांकन के लिए असफल बोली लगाई।

## प्रेमी के साथ मिलकर बहन ने नाबालिग भाई का गला रेता

**रायबरेली (एजेंसी)।** 18 वर्षीय एक लड़की को उसके प्रेमी के साथ नाबालिग भाई की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक 12 साल के बच्चे ने अपनी बहन और उसके ब्वयफ्रेंड को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था और इसके बारे में माता-पिता को बताने की धमकी दी थी। इसी बात से नाराज होकर दोनों ने दरांती से बच्चे का गला रेत दिया। इस सप्ताह की शुरुआत में जिले के भदोखर इलाके में उनके घर के पास बच्चे का शव मिला।

रायबरेली के पुलिस अधीक्षक अशोक प्रियदर्शी ने कहा, लड़के के माता-पिता एक शादी में शामिल होने गए थे। स्थानीय निवासियों ने पुलिस को हत्या के बारे में सूचित किया। बच्चे की बहन ने जांच के दौरान सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दिया।एसपी ने कहा, जब एक महिला पुलिस अधिकारी से पूछताछ करने के लिए कहा गया, तो उसने आरोप लगाया कि एक स्थानीय युवक ने उसके घर में डकैती की कोशिश की थी। उसने दावा किया कि जब युवक को पैसे नहीं मिले, तो उसने उन पर हमला किया और उसके भाई की हत्या कर दी। पुलिस ने लड़की द्वारा बताए गए युवक को उठाया, लेकिन जब उससे पूछताछ की गई, तो पता चला कि वह घटना के समय लखनऊ में था, जिसकी पुष्टि उसके मोबाइल फोन की लोकेशन से हुई।

## गुजरात में भीषण सड़क हादसा, जीप और ट्रक के बीच टक्कर में 7 लोगों की दर्दनाक मौत

**पाटन (एजेंसी)।** गुजरात के पाटन जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां वरही में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस समय हुआ जब एक जीप ट्रक में जा घुसी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला दर्ज कर लिया गया है और हादसे की जांच की जा रही है।यह सड़क हादसा राधनपुर के पास हुआ है। यहां राधनपुर वाराही हाईवे पर मोटी पीपणी के नजदीक राजस्थान के मजदूरों को ले जा रही जीप का टायर फट गया और जीप वहां रोड पर खड़े ट्रक के साथ टकरा गई। जिससे उसमें बैठे 7 लोगों की मौत हो गई हैं और कई लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया।पुलिस उपाधीक्षक के के पांड्या ने बताया कि पहिये का टायर फटने के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया और जीप एक खड़े ट्रक से जा टकराई।

# हम नागपुर को पीछे छोड़ चुके हैं, अब दिल्ली पर ध्यान : द्रविड़



नयी दिल्ली । भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट से पूर्व कहा कि उनका ध्यान पिछले मैच की विशाल जीत पर नहीं बल्कि आने वाले मैच की तैयारियों पर केंद्रित है।

गौरतलब है कि भारत ने नागपुर में खेले गये पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को पारी और 132 रन के विशाल अंतर से रौंदा था। दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम पर भी भारत पिछले 36 सालों में कोई टेस्ट नहीं हारा है, हालांकि कोच द्रविड़ की दिलचस्पी अतीत के आंकड़ों से ज्यादा भविष्य की योजनाओं पर है।

द्रविड़ ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे अभी तक इस स्टेडियम के रिकॉड्र्स का नहीं पता था। हम लोग यह नहीं देखते हैं। बीते समय में अलग खिलाड़ी थे, विपक्षी टीम अलग थी। अगर आप यह मैच जीतना चाहते हैं तो आपको यहां अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इसलिये आप ज्यादा इतिहास में नहीं जा सकते। आप थोड़े बहुत आंकड़े देख सकते हैं, लेकिन आप उसके वेग में नहीं बह सकते। हम जानते हैं कि ऑस्ट्रेलिया बहुत अच्छी और अनुभवी टीम है। उनके कई खिलाड़ी यहां आकर पहले भी खेल चुके हैं। वह भी चाहेंगे कि पिछले मैच की हार से वापसी करें। हम जानते हैं कि अगर हमें यह सीरीज जीतनी है तो लगातार अच्छी क्रिकेट खेलनी होगी।

उन्होंने कहा, हमने पहले टेस्ट मैच के बाद भी यह बात की थी कि हमें लगातार अच्छी क्रिकेट खेलनी है। हमारी योजनाएं एक मैच के बाद नहीं बदलेंगी। उन्होंने भी नागपुर टेस्ट से कुछ सीख ली होगी, तो वह भी कोशिश करेंगे कि उसे इस्तेमाल करें। हम भी कोशिश करेंगे कि अपनी लय बरकरार रखें। आप 1987 के रिकॉर्ड तो छोडिये, हम नागपुर को भी पीछे छोड़ चुके हैं। अब हम दिल्ली आ चुके हैं और हमें मालूम है कि यहां भी अच्छा क्रिकेट खेलना होगा।

भारत ने भले ही नागपुर में ऑस्ट्रेलिया पर दमदार जीत दर्ज की, लेकिन लंबे समय से लय में चल रहे श्रेयस अय्यर पीठ की चोट के कारण उस टेस्ट में हिस्सा नहीं ले सके थे। अय्यर अब बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना रिहैब पूरा करके भारतीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं और कोच द्रविड़ का कहना है कि अगर वह पांच दिन खेलने के लायक फिट होते हैं तो उन्हें एकादश में जगह दी जायेगी।

द्रविड़ ने कहा, किसी खिलाड़ी का चोट से उभरकर वापस आना हमेशा अच्छा होता है। मैं खुश हूं कि वह ठीक होकर वापस आ गये हैं। वह अपने टेस्ट पदार्पण के बाद से काफी महत्वपूर्ण रहे हैं और कई अच्छी पारियां खेल चुके हैं। हम उनके खेलने पर दो दिन बाद फैसला लेंगे। उन्होंने आज अभ्यास किया, और कल भी करेंगे। अगर अय्यर खेलने के लिये तैयार होते हैं और पांच दिन मशक्कत करने के लिये फिट होते हैं तो वह सीधा टीम में आयेंगे।

अय्यर की टीम में वापसी का मतलब होगा कि नागपुर में टेस्ट पदार्पण करने वाले सूर्यकुमार यादव को एकादश से बाहर जाना होगा। सूर्यकुमार ने पहले टेस्ट में सिर्फ आठ रन का योगदान दिया था, हालांकि द्रविड़ का कहना है कि ज्यादा रन बनाने पर भी सूर्यकुमार को अय्यर पर प्राथमिकता नहीं दी जाती।

द्रविड़ ने एक सवाल के जवाब में कहा, बिल्कुल, अगर कोई खिलाड़ी लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और चोट की वजह से टीम से बाहर हो जाता है, तो उसका अधिकार है कि वह फिट होने के बाद टीम में वापस आये। मैं सभी की तरफ से कुछ नहीं कह सकता, लेकिन कम से कम टीम प्रबंधन का तो यही विचार है।

अय्यर स्पिन के खिलाफ अच्छा खेले हैं, लेकिन कानपुर में अपने पदार्पण के बाद से उन्होंने कई टेस्ट मैचों में भारत को मुश्किल स्थिति से निकाला है। हम पिछले एक–डेढ़ साल में जब भी संकट में रहे हैं तो उन्होंने, ऋषभ (पंत) ने और जडेजा ने हमें मुश्किल से निकाला है और महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं।

कोच द्रविड़ ने इस अवसर पर अपना 100वें टेस्ट की तैयारी कर रहे चेतेश्वर पुजारा की भी तारीफ की। वर्ष 2010 में भारत के लिये पदार्पण करने वाले पुजारा 99 टेस्ट मैच खेलकर 44.1 की औसत से 7021 रन बना चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध शुक्रवार से होने वाले बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे मैच में वह अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे।

द्रविड़ ने कहा, यह एक क्रिकेटर के लिये बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। इसके लिये आपको प्रतिभा की जरूरत तो होती ही है, लेकिन 100 टेस्ट मैच खेलना इसके अलावा भी बहुत कुछ दर्शाता है। यह आपकी ज्येष्ठता दिखाता है। यह आपकी फिटनेस, आपकी मजबूती, उतार–चढ़ाव को सहने की क्षमता दिखाता है। जब आप 100 टेस्ट खेलते हैं तो यह हो ही नहीं सकता कि आपने उतार–चढ़ाव न देखे हों। आपको जीत–हार का सामना करना पड़ता है। कई तरह की गेंदबाजी देखनी होती है, आपसे फील्ड पर कई सवाल पूछे जाते हैं। जो पुजारा ने पिछले 13–14 सालों में किया है, वह बहुत बड़ी बात है। यह (100वां टेस्ट) उनके कौशल के लिये एक पुरस्कार है।

उन्होंने कहा, वह टीम के बड़े ही चहेते खिलाड़ी हैं। हम सबको खुशी होती है कि वह 100 टेस्ट मैच खेले हैं। उम्मीद है कि वह आगे भी बहुत अच्छा प्रदर्शन करते रहेंगे, जैसा कि वह करते आये हैं। अगर आप पिछले 10–15 सालों में देखें तो पुजारा ने कई ऐसी महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं जिससे भारत को मैच में और कई शृंखलाओं में जीत मिली है। बेशक ही वह हमारी टीम के बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं। हम सब खुश हैं कि उनके साथ इस पल को साझा कर सकते हैं।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट में पारी और 132 रन से हराकर चार मैचों की शृंखला में 1–0 की बढ़त बना चुका है। दिल्ली के बाद दोनों टीमें इंदौर (1–5 मार्च) और अहमदाबाद (9–13 मार्च) में भी एक–दूसरे का सामना करेंगी।

## टीम इंडिया के साथ फिर धोखा! कुछ ही घंटों में खोई टेस्ट में नंबर–1 की बादशाहत



नई दिल्ली ,। आईसीसी की टेस्ट रैकिंग में टीम इंडिया एक बार फिर से नंबर–2 पर आ गई है। टीम इंडिया टेस्ट रैंकिंग में पहले नंबर पर थी। लेकिन शाम आते–आते वह नंबर–2 पर आ गई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब फिर से नंबर–1 पर आ चुकी है। पिछले महीने भी टेस्ट रैंकिंग में भारत को नंबर–1 बता दिया गया था, लेकिन कुछ घंटे बाद टीम इंडिया दूसरे नंबर पर आ गया था।आईसीसी की वेबसाइट पर जब दोपहर में रैंकिंग अपडेट हुई तो टीम इंडिया टीम इंडिया के 115 रेटिंग्स प्वाइंट दिखाए गए, जबकि ऑस्ट्रेलिया 111 रेटिंग्स प्वाइंट के साथ नंबर–2 पर आ गया था। लेकिन शाम आते–आते यह स्थिति बदल गई। अब ऑस्ट्रेलिया 126 अंकों के साथ टेस्ट रैंकिंग में विश्व नंबर 1 बन गया। वहीं भारत 115 प्वाइंट के साथ दूसरे नंबर पर आ गया है।अब भारतीय टीम को फिर से टेस्ट रैंकिंग में नंबर–1 बनने के लिए इंतजार करना होगा। टीम इंडिया इससे पहले तीन बार नंबर–1 बन चुकी है। पहली बार 1973 में वह टेस्ट रैंकिंग में नंबर–1 बनी थी। इसके अरसे बाद साल 2009 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में टीम इंडिया ने टेस्ट में टॉप पोजिशन हासिल किया। इसके बाद विराट कोहली की अगुवाई में साल 2016 में टीम इंडिया टॉप पर पहुंची और चार साल तक नंबर–1 रही।

## चिराग–ध्रुव ने भारत की यूएई पर जीत सुनिश्चित की

दुबई । भारत ने ध्रुव कपिला और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप के ग्रुप स्टेज मुकाबले में मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 3–0 से मात दे दी।दुबई एग्ज़िबिशन सेंटर में खेले जा रहे टूर्नामेंट में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के हिस्सा न ले पाने के कारण चिराग ने ध्रुव कपिला के साथ जोड़ी बनायी, हालांकि इसके बाद भी दोनों के बीच शानदार समन्वय देखने को मिला। चिराग–ध्रुव की जोड़ी ने सिर्फ 35 मिनट चले मुकाबले में यूएई के देव अयप्पन और धिरेन अयप्पन को 21–15, 21–14 से मात दी।इससे पूर्व, लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल मैच में देव विष्णु को 21–16, 21–12 से हराकर मुकाबले में भारत को विजयी शुरुआत दिलाई। आकर्षी कश्यप ने महिला एकल मैच में यूएई की मधुमिता सुंदरपंदियन को सिर्फ 26 मिनट में 21–6, 21–7 से मात दे दी।

# भारत ने विंडीज को छह विकेट से हराया

केप टाउन । दीप्ति शर्मा (15/3) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद ऋचा घोष (44 नाबाद) और कप्तान कप्तान हरमनप्रीत कौर (33) की संयम भरी पारियों के दम पर भारत ने महिला टी20 विश्व कप 2023 के ग्रुप–बी मुकाबले में वेस्ट इंडीज को छह विकेट से मात दे दी।वेस्ट इंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत के सामने 119 रन का लक्ष्य रखा। भारत ने यह लक्ष्य सिर्फ 18.1 ओवर में चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

विंडीज की ओर से स्टेफनी टेलर ने 40 गेंदों पर छह चौकों के साथ सर्वाधिक 42 रन बनाये, जबकि शमेन कैंप्बेल ने 36 गेंदों पर 30 रन का योगदान दिया। दीप्ति ने इन दोनों बल्लेबाजों को आउट करने के अलावा एफी फ्लेचर का विकेट भी निकाला।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने तेज शुरुआत की, हालांकि विंडीज ने स्पिनरों के दम पर मैच में वापसी कर ली। भारत के तीन विकेट तेजी से गिरने के बाद हरमनप्रीत और ऋचा ने पारी को संभालते हुए 72 रन की मैच–जिताऊसाझेदारी की। हरमनप्रीत ने 42 गेंदों पर तीन चौकों के साथ 33 रन बनाये, जबकि विस्फोटक बल्लेबाज ऋचा ने 32 गेंदों पर पांच चौके जडक़र नाबाद 44 रन की पारी खेली। लक्ष्य तक पहुंचने से पूर्व हरमनप्रीत आउट हो गयीं, लेकिन ऋचा ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर विजयी चौका जमाकर भारत को जीत तक पहुंचा दिया।भारत दो मैचों में दो जीत के साथ ग्रुप–बी में दूसरे स्थान पर बरकरार है, जबकि वेस्ट इंडीज दोनों मुकाबले हारकर तालिका में चौथे स्थान पर है।भारत के लिये लक्ष्य का पीछा करने उतरीं शेफाली वर्मा ने पहले ही ओवर में तीन चौके जडक़र विस्फोटक शुरुआत की। अगले ओवर में शेफाली ने एक चौका जमाया, जबकि स्मृति मंधाना ने दो चौके जड़ डाले। भारत छोटे लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा था और वेस्ट इंडीज को विकेट की सख्त जरूरत थी। करिश्मा रामहरक ने चौथे ओवर में मंधाना (10) को आउट करके विंडीज को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में कप्तान हेली मैथ्यूज़ ने जेमिमाह रॉड्रिग्स को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर दिया।रनगति कम होने पर शेफाली ने बड़ा शॉट खेलना चाहा, लेकिन वह भी बाउंड्री पर कैच आउट होकर पवेलियन लौट गयीं। शेफाली ने आउट होने से पहले 23 गेंदों पर पांच चौकों के साथ 28 रन बनाये।भारत को तीन झटके लगने के बाद हरमनप्रीत और ऋचा ने बेहतरीन धैर्य का प्रदर्शन करते हुए पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने 10वें ओवर तक टीम का स्कोर 64 रन तक पहुंचाकर कोई और नुकसान नहीं होने दिया। भारत को सुरक्षित स्थिति में पहुंचाने के बाद दोनों ने बिना जोखिम उठाये साझेदारी को आगे बढ़ाया और 15वें ओवर में अर्द्धशतकीय साझेदारी पूरी की।भारत को अंतिम तीन ओवरों में चार रन की दरकार थी। शिनेल हेनरी ने 18वां ओवर मेडेन फेंकते हुए हरमनप्रीत को आउट कर दिया, हालांकि ऋचा अगले ही ओवर की पहली गेंद पर चौका जडक़र भारत को जीत दिलाने में सफल रहीं।इससे पूर्व, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट इंडीज ने कप्तान हेली मैथ्यूज़ (दो) का विकेट जल्दी गंवा दिया, हालांकि इसके बाद टेलर और कैंप्बेल की जोड़ी पारी को आगे बढ़ाती रही।स्टेफनी और कैंप्बेल ने दूसरे विकेट के लिये 73 रन की साझेदारी की, हालांकि इस दौरान भारत ने विंडीज को रनगति नहीं बढ़ाने दी। पारी के अंतिम हिस्से की ओर बढ़ते हुए विंडीज ने रनगति बढ़ाने का प्रयास किया, जिसके परिणाम में जल्दी विकेट गंवाने पड़े।दीप्ति ने 14वें ओवर में कैंप्बेल और टेलर को आउट किया, जबकि अगले ही ओवर में शिनेल हेनरी रनआउट होकर पवेलियन लौट गयीं। तीन विकेट तेजी से गिरने के बाद हालांकि शिडीन नेशन और शबिका गजनबी ने पांचवें विकेट के लिये 35 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी करके वेस्ट इंडीज को 118 रन तक पहुंचने में मदद की।

# फिल्मी सफर

## जान्हवी कपूर अब बनेंगी जासूस, स्पाई थ्रिलर फिल्म में मिला अभिनेता रोशन मैथ्यू का साथ



जान्हवी कपूर को पिछली बार फिल्म मिली में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की दर्शकों के साथ–साथ समीक्षकों ने भी खूब तारीफ की। अब उनकी आने वाली फिल्मों का भी दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खबर है कि उन्होंने एक स्पाई थ्रिलर फिल्म साइन कर ली है, जिसके लिए वह प्रोडक्शन हाउस जंगली पिक्चर्स से जुड़ी हैं। फिल्म में उनके साथ लोकप्रिय मलयालम अभिनेता रोशन मैथ्यू नजर आने वाले हैं।

जंगली पिक्चर्स उलझ नाम से एक बड़ी थ्रिलर फिल्म लेकर आ रहा है, जो जासूसी पर आधारित एक महिला केंद्रित फिल्म होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, जान्हवी को फिल्म में लीड रोल के लिए कास्ट कर लिया गया है। वह एक जासूस की भूमिका निभाएंगी। फिल्म की कहानी तीन मुख्य किरदारों के आसपास बुनी गई है। मलयालम अभिनेता रोशन मैथ्यू भी इसमें अहम भूमिका में हैं और दूसरे अभिनेता की तलाश जारी है। प्री–प्रोडक्शन का काम शुरू हो गया है।

रोशन को मलयालम सिनेमा में उनके शानदार काम के लिए जाना जाता है। कप्पेला और सी यू सून जैसी कई मलयालम फिल्मों में उन्हें दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। वह चोक्ड और डार्लिंग्स जैसी दो हिंदी फिल्मों में भी काम कर चुके हैं।

इस फिल्म के निर्देशक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया हैं, जिन्हें फिल्म नॉक नॉक नॉक के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है और जाने–माने लेखक परवेज शेख ने इसकी कहानी लिखी है, जो चीन और बजरंगी भाईजान जैसी फिल्मों की कहानी लिख चुके हैं। फिल्म को विदेश में बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। इसमें देशभक्तों के एक प्रमुख परिवार की महिला नायक की कहानी है, जो अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय पोस्टिंग पर एक खतरनाक व्यक्तिगत साजिश में उलझ जाती है।

पिछले दिनों यह खबर आई कि जान्हवी ने मर्डर मुबारक नाम की एक फिल्म छोड़ दी है, जिसमें उनकी जोड़ी अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ बनने वाली थी। इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम दिनेश विजन संभाल रहे हैं और होमी अदजानिया इसके निर्देशक हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी और डिंपल कपाडिया भी हैं। जान्हवी ने इस फिल्म में खासी दिलचस्पी दिखाई थी, लेकिन फिर उन्होंने इससे कदम पीछे खींच लिए और इसके बाद उलझ उनकी झोली में गिरी।

जान्हवी जल्द ही फिल्म बवाल में नजर आएंगी। इसमें उनकी जोड़ी अभिनेता वरुण धवन के साथ बनी है। फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी तो निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। यह 7 अप्रैल को रिलीज होने वाली हैं। जान्हवी के खाते से निर्देशक शरण शर्मा की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही जुड़ी है। इसमें उनके साथ राजकुमार राव, कुमुद मिश्रा और अभिषेक बनर्जी नजर आएंगे। पैन इंडिया फिल्म एनटीआर 30 में भी जान्हवी सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी।

## पठान बनी आईमैक्स में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म




पठान इस समय बॉक्स ऑफिस पर गर्जना कर रही है। भारत और दुनिया भर में, यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज होने के बाद से ही रिकॉर्ड तोड़ रही है। चार साल के अंतराल के बाद शाहरुख खान को पूरी तरह से भूमिका निभाते हुए देखने के लिए प्रशंसक विशेष रूप से उत्साहित हैं। पठान ने अब वैश्विक स्तर पर 960 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और घरेलू बॉक्स ऑफिस संग्रह पर 500 करोड़ रुपये के निशान पर नजर गड़ाए हुए है। यह आईमैक्स में अब तक की दूसरी सबसे बड़ी हिंदी ओरिजिनल ग्रॉसर भी बन गई है।25 जनवरी को रिलीज हुई पठान बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। साथ ही दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम अभिनीत, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर एक बम्पर शुरुआत की और यह जल्द ही रुकने का नाम नहीं ले रही है। फिल्म ने दुनिया भर के 21 बाजारों में 144 आईमैक्स स्क्रीनों पर धूम मचाई। आखिरकार, यह आईमैक्स पर अब तक की सबसे बड़ी भारतीय रिलीज़ थी।पठान ने आईमैक्स में किसी भारतीय फिल्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा ओपनिंग डे दिया है। रिपोर्ट्स यह भी बताती हैं कि पठान का भारत में अब तक का नंबर 1 आईमैक्स शुरुआती सप्ताहांत था। इसने केजीएफ–चैप्टर 2, आरआरआर, अवतारः द वे ऑफ वॉटर, 2017 की फिल्म बाहुबली 2 – द कन्क्लूजन जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया। पठान अब पूरे भारत में अब तक की सातवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली आईमैक्स फिल्म है।

## रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की रिलीज आगे खिसकी



रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है और अब यह 28 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगी। पहले यह फिल्म 28 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। पिछले साल 13 नवंबर को, बॉलीवुड फिल्म निर्माता करण जौहर, जो अपनी आखिरी फिल्म ऐ दिल है मुश्किल के साथ रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के बाद निर्देशन में वापसी कर रहे हैं, ने घोषणा की थी कि फिल्म 28 अप्रैल को रिलीज होगी।

नई रिलीज की तारीख की घोषणा करने के लिए उन्होंने गुरुवार को इंस्टाग्राम का सहारा लिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, वे कहते हैं सबर का फल मीठा होता है, इसलिए इस अविश्वसनीय विशेष कहानी की मिठास को बढ़ाने के लिए – हम बहुत सारा प्यार लेकर आ रहे हैं! रॉकी और रानी के परिवार हो रहे हैं तैयार, और अब देखिए ये अनोखी कहानी ऑफ प्यार!रणवीर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, क्योंकि यह आपके परिवार को प्यार करने के बारे में है! हैशटैग रॉकी और रानी की प्रेमकहानी सिनेमाघरों में, 28 जुलाई 2023।

आलिया ने भी नई रिलीज की तारीख की घोषणा करते हुए एक पोस्टर साझा किया, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी. 28 जुलाई 2023 को रिलीज।रॉकी और रानी की प्रेम कहानी एक रोमांटिक कॉमेडी है, जिसमें धर्मेंद्र, शबाना आजमी और जया बच्चन भी हैं, और इसमें प्रीतम संगीत निर्देशक और अमिताभ भट्टाचार्य गीतकार हैं।

## सलमान खान ने साइन की पैन इंडिया फिल्म, इस बड़े प्रोडक्शन हाउस से मिलाया हाथ!



सलमान खान आने वाले दिनों में एक से बढक़र एक फिल्मों में नजर आएंगे। एक तरफ जहां पठान में उनके सीन्स की तारीफ हो रही है, वहीं इसी बीच उनकी अगली फिल्म से जुड़ीं जानकारियां भी सामने आई हैं। कहा जा रहा है कि सलमान ने साउथ के एक लोकप्रिय प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनने जा रही अगली फिल्म के लिए रजामंदी दे दी है। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी। आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, साउथ के टॉप प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवी मेकर्स अब सलमान के साथ फिल्म बनाने जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि सलमान फिल्म साइन कर चुके हैं और जल्द ही इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि होगी। यह फिल्म मूल रूप से तेलुगु में बनेगी, लेकिन यह एक पैन इंडिया रिलीज होगी, यानी एक साथ कई भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी और यह मैत्री मूवी मेकर्स का दूसरा हिंदी प्रोजेक्ट होगा।

सलमान को पिछले साल भी तेलुगु फिल्म गॉडफादर में देखा गया था, जिसमें उनके साथ चिरंजीवी थे। सलमान और चिरंजीवी को पहली बार पर्दे पर साथ देखना प्रशंसकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं था। फिल्म को समीक्षकों से भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

मैत्री मूवी मेकर्स ने फिल्म पठान के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ भी एक फिल्म की शुरुआत की है। यह भी एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसमें प्रभास की मुख्य भूमिका है, वहीं फिल्म में ऋतिक रोशन भी एक खास किरदार निभाने वाले हैं। इसके जरिए मैत्री मूवी मेकर्स हिंदी सिनेमा मे पदार्पण कर रहा है। सिद्धार्थ फिलहाल अपनी फिल्म फाइटर में व्यस्त हैं। इसका काम खत्म करने के बाद वह मैत्री मूवी मेकर्स की फिल्म पर काम शुरू करेंगे।

जयन्त

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com